“ सुविचार
जब अपने खफा होने लग जाएँ तो, आप समझ लेना आप सही राह पर हैं ! ”

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना से प्रकाशित
अंक: 260
वर्ष : 06
मूल्य : 02
पृष्ठ : 06

मंगलवार, 25 मार्च 2025 | दैनिक हिन्दी डिजिटल अखबार | web_dainikbiharpatrika.com

## संक्षिप्त खबर

**सांसदों के वेतन में बढ़ोतरी, पेंशन और भत्ते भी बढ़े**
केंद्र सरकार ने सांसदों के मासिक वेतन में 24% की बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब उन्हें ₹1.24 लाख वेतन और ₹2,500 प्रतिदिन भत्ता मिलेगा। पूर्व सांसदों की पेंशन ₹31,000 तक बढ़ाई गई। सरकार ने इसे महंगाई और ज़िम्मेदारी के अनुसार जरूरी बताया। विपक्ष ने फैसले की टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं। जनता की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश – महिला वकीलों को 30% आरक्षण**
न्यायपालिका में लैंगिक संतुलन के लिए बड़ा फैसला आया। SC ने कहा कि न्यायिक पदों पर महिलाओं को 30% आरक्षण मिले। बार काउंसिल्स को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने को कहा गया। महिला अधिवक्ताओं ने फैसले का स्वागत किया। यह कदम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा। कानूनी संस्थानों में जल्द बदलाव दिखेगा।

**दिल्ली विधानसभा सत्र शुरू, कल पेश होगा बजट**
दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल बजट पेश करेंगे। आज जल संकट, सीवरेज और ट्रैफिक मुद्दों पर चर्चा हुई। विपक्ष ने MCD फंडिंग और बिजली दरों पर सवाल उठाए। DTC पर CAG रिपोर्ट भी सदन में रखी गई। 28 मार्च तक चलेगा सत्र।

**राहुल गांधी की नागरिकता पर HC में सुनवाई आज**
इलाहाबाद हाईकोर्ट में राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर सुनवाई हुई। एक याचिका में उन्हें विदेशी नागरिक बताया गया है। राहुल ने आरोपों को निराधार कहा। सरकार से जवाब मांगा गया है। मामला लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक मोड़ ले रहा। कांग्रेस ने इसे साजिश करार दिया।

**जम्मू के कठुआ में आतंकियों की तलाश जारी**
कठुआ जिले में संदिग्ध आतंकियों की घुसपैठ की खबर है। BSF और सेना ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इलाके में हाई अलर्ट घोषित है। स्थानीय लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई। ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

**दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट में तकनीकी खराबी**
एयर इंडिया की फ्लाइट उड़ान से पहले रोक दी गई। तकनीकी गड़बड़ी की वजह से यात्री दो घंटे फंसे रहे। DGCA ने जांच के आदेश दिए हैं। यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजा गया।एयरलाइन ने खेद जताया। सुरक्षा कारणों से एहतियात बरता गया।

**TCS कर्मचारी समेत 19 गिरफ्तार, पेपर लीक का बड़ा खुलासा**
राजस्थान में जेल गार्ड भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ। TCS के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित 19 लोग गिरफ्तार किए गए। साजिश में बाहर के गिरोह भी शामिल थे। सरकार ने परीक्षा रद्द कर दी है। नए सिरे से तारीख जारी की जाएगी। कड़ी सुरक्षा में दोबारा परीक्षा होगी।

**सुप्रीम कोर्ट की टास्क फोर्स: छात्र आत्महत्याएं रोकने पर फोकस**
SC ने आईआईटी छात्रों की आत्महत्या पर गंभीर चिंता जताई। एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स बनाई गई है। यह मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करेगी। तीन महीने में सिफारिशें मांगी गईं। सरकार को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। यह कदम शिक्षा जगत के लिए अहम माना जा रहा।

**इजराइल का हमास पर सर्जिकल हमला**
गाजा में नासिर अस्पताल के पास हमास आतंकी को IDF ने मारा। इजराइल ने इसे 'लक्षित हमला' बताया।अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने संयम बरतने की अपील की। स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। हमास ने पलटवार की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र भी नजर बनाए हुए है।

**पंजाब में हवाला रैकेट का पर्दाफाश, 11 गिरफ्तार**
पंजाब पुलिस ने हवाला रैकेट में 11 लोगों को दबोचा। इनके पास से 5 करोड़ रुपये नकद जब्त हुए। रैकेट दिल्ली और दुबई तक फैला है। पुलिस ATS की मदद से जांच कर रही। मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। गिरफ्तार लोग आतंकी फंडिंग से भी जुड़े हो सकते हैं।

**भागलपुर में गंगा स्नान के दौरान तीन श्रद्धालु डूबे**
छठ घाट पर स्नान करने गए तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। NDRF ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता दी गई। प्रशासन ने घाटों पर गार्ड तैनात किए।स्थानीय लोगों ने सुरक्षा पर सवाल उठाए।

# पटना में वी-बाज़ार के तीन नए स्टोर्स लॉन्च, धमाकेदार ऑफर्स के साथ ग्राहकों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**बिहार पत्रिका । पटना**

फैशन के दीवानों के लिए खुशखबरी! देश के सबसे तेज़ी से बढ़ते फैशन रिटेलर्स में से एक वी-बाज़ार ने पटना में अपने तीन नए स्टोर्स लॉन्च किए हैं, जिन्हें शहरवासियों ने जोरदार स्वागत दिया है। लोहानीपुर (कांग्रेस मैदान के पास), गोला रोड और जगनपुरा रोड में खुले ये स्टोर्स अब राजधानी पटना की शॉपिंग डेस्टिनेशन बन चुके हैं। इन नए स्टोर्स के साथ वी-बाज़ार की बिहार में कुल उपस्थिति 29 स्टोर्स तक पहुँच गई है। वैल्यू सेगमेंट में अपनी खास पहचान बना चुका वी-बाज़ार ट्रेंडी, फैशनेबल और किफायती रेंज के लिए जाना जाता है। लॉन्च के अवसर पर कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत अग्रवाल ने कहा, "पटना में तीन नए स्टोर्स खोलना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारा उद्देश्य है ग्राहकों को बेहतर माल, बेहतर सेवा और अंतरराष्ट्रीय स्तर का शॉपिंग अनुभव देना।" वी-बाज़ार का हर स्टोर फैमिली शॉपिंग का परफेक्ट ठिकाना है। यहाँ पुरुषों के लिए शर्ट, टी-शर्ट, पैंट, जींस, सूट, शेरवानी और कुर्ता-पायजामा हैं। वहीं महिलाओं के लिए कुर्ती, फैंसी टॉप, जींस, लेगिंग, शादी की साड़ियाँ और डिजाइनर सूट जैसी तमाम फैशनेबल रेंज मौजूद हैं। बच्चों के लिए भी स्टाइलिश और आरामदायक कपड़ों की विशाल विविधता मौजूद है, जो हर किशोर और युवा की अलमारी की जरूरत बन सकती है। ग्राहकों के लिए विशेष लॉन्च ऑफर भी बना आकर्षण का केंद्र: वी-बाज़ार ने अपने ग्राहकों को खास महसूस कराने के लिए शानदार ऑफर्स पेश किए हैं।




**हर खरीदारी पर पक्के गिफ्ट दिए जा रहे हैं:**

- ₹1499 की खरीदारी पर सिर्फ ₹149 में डबल बेडशीट + तकिया कवर या डफल बैग (बाजार मूल्य ₹999)
- ₹2999 की खरीदारी पर ₹249 में Cello पुडिंग सेट (बाजार मूल्य ₹1999)
- ₹4999 की खरीदारी पर ₹499 में Pringle मिक्सर ग्राइंडर (बाजार मूल्य ₹4999)

इतना ही नहीं, स्टोर्स के विशाल और आकर्षक इंटीरियर में फैशनेबल कलेक्शन को देखकर ग्राहक खुद को खरीदारी से रोक नहीं पा रहे हैं। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय ट्रेंड्स को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए यह परिधान जेब पर भारी नहीं पड़ते, बल्कि स्टाइल और कंफर्ट दोनों का शानदार मेल देते हैं।
वी-बाज़ार ने अपने 'ग्राहक प्रथम' दृष्टिकोण के तहत यह सुनिश्चित किया है कि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण फैशन किफायती दामों पर मिले। लॉन्च के साथ ही पटना के बाजार में हलचल है और लोग बड़ी संख्या में इन स्टोर्स का रुख कर रहे हैं।
संक्षेप में कहा जाए तो, वी-बाज़ार ने न सिर्फ पटना के फैशन बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है, बल्कि ग्राहकों के बीच भरोसे और पसंद का नया नाम भी बन गया है।

## ऑपरेशन 'अमानत' के तहत RPF खगड़िया ने लावारिस बैग कराया वापस, यात्री ने जताया आभार

**बिहार पत्रिका । खगड़िया**

रेल सुरक्षा बल (RPF) खगड़िया की सतर्कता और तत्परता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि रेल यात्री सुरक्षा और उनकी अमानत की रक्षा उनके सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऑपरेशन 'अमानत' के तहत RPF खगड़िया की टीम ने ट्रेन में छूटा एक बैग उसके rightful मालिक तक सुरक्षित पहुंचाया। कंट्रोल सोनपुर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ट्रेन संख्या 05733 के कोच संख्या B3 की बर्थ 22 पर एक यात्री का बैग छूट गया है। सूचना मिलते ही खगड़िया RPF पोस्ट के उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह अपनी टीम के साथ प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर सुबह 5:55 बजे




ट्रेन के आगमन के समय मौजूद रहे। तलाशी के दौरान बर्थ संख्या 22 से एक नेवी ब्लू रंग का बैग बरामद किया गया, जिसे कोई यात्री अपना नहीं बता रहा था। इसके बाद बैग को पोस्ट पर लाकर सुरक्षित रखा गया और कंट्रोल सोनपुर को इसकी जानकारी दी गई। कुछ समय बाद एक यात्री सुधांशु कुमार, पिता – उमाशंकर ईश्वर, निवासी – भरौल, थाना – बखरी, जिला – बेगूसराय, खगड़िया RPF पोस्ट पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे जालंधर से बेगूसराय की यात्रा कर रहे थे, लेकिन जल्दीबाज़ी में बेगूसराय स्टेशन पर उतर गए और उनका बैग ट्रेन में छूट गया। उन्होंने इसकी सूचना रेल हेल्पलाइन नंबर 139 पर दी थी। यात्री ने अपना आधार कार्ड (संख्या 9546 7066 7557) दिखाकर पहचान प्रमाणित किया। जब उन्हें बरामद बैग दिखाया गया, तो उन्होंने उसे अपना बताया। बैग खोलवाकर चेक किया गया, जिसमें HP कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, माउस, ईयरफोन बड्स, पेनड्राइव, आधार कार्ड, दवाइयों के दो पैकेट और कुछ अन्य निजी सामान सहित 10 रुपये का सिक्का भी सुरक्षित मिला। उचित पहचान और प्रक्रिया पूरी करने के बाद एक लिखित सुपुर्दगीनामा के तहत उक्त बैग को गवाह दीपक कुमार (पिता – अशोक कुमार सिंह, निवासी – आनंदपुर, बेगूसराय) की मौजूदगी में यात्री सुधांशु कुमार को सौंप दिया गया। बैग पाकर यात्री ने RPF खगड़िया का दिल से धन्यवाद किया और उनकी ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।RPF की यह पहल यात्रियों में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करती है।

## हत्या के मामले में परिजनों से मिले जन सुराज जिलाध्यक्ष



**बिहार पत्रिका । समस्तीपुर (पटोरी)**

पटोरी प्रखंड के उत्तरी धमौन गांव में पेड़ से लटकी सुधीर कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक स्व. अबधेश राय के पुत्र थे। इस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलने पर जन सुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष राज कपूर सिंह पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।इस दौरान उन्होंने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन से बात कर मामले की निष्पक्ष जांच और जल्द से जल्द हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए जन सुराज पार्टी हर संभव प्रयास करेगी। इस मौके पर गुलशन कुमार, हेमंत कुमार राय, सुधीर कुमार राय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर होमगार्ड अभ्यर्थी की दर्दनाक मौत

### परिजन बेसुध,परिवार में मचा कोहराम

**बिहार पत्रिका।खगड़िया**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के परमानंदपुर के पास एनएच-31 पर सोमवार की अहले सुबह एक दर्दनाक हादसे में होमगार्ड अभ्यर्थी की मौत हो गई। मृतक की पहचान रहीमपुर चौधरी टोला निवासी छाबो साह के 25 वर्षीय पुत्र मिथुन कुमार के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी अज्ञात तेज़ रफ्तार वाहन ने मिथुन को टक्कर मार दी, जिससे




उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के करीब डेढ़ घंटे तक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा रहा। बाद में स्थानीय लोगों ने पहचान कर परिजनों को सूचना दी। मिथुन अपने चार भाइयों और तीन बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी असमय मृत्यु से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजन बेसुध हैं और घर में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## ग्रामीणों की मांग वार्ड 14 में जल्द शुरू हो पानी की सप्लाई

**कुमार चंदन । बिहार पत्रिका**

**बौंसी/बांका।** एक ओर जहां राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नल जल योजना के माध्यम से घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। दूसरी ओर बौंसी प्रखंड के श्यामबाजार अंतर्गत सिकंदरपुर के वार्ड नं 14 में 1185400रु राशी से बने मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना घर घर जल नल का टंकी का पानी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेसनियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की महीनों से पानी की सप्लाई बाधित है। जो अबतक ठीक नहीं किया गया है। केयरटेकर सुधीर ने बताया इसकी सूचना उसने दूरभाष पर संबंधित कर्मचारियों को



दे दी है। किंतु अभी तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि जल से जल्द पानी की सप्लाई चालू की जाए ताकि गर्मी के दिनों में होने वाली पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिल सके। बताते चले की एक दौर था जब इस गांव में पानी की कोई समस्या नहीं थी सालों भर डाकाई नदी में पानी भरा रहता था। जिस कारण सभी को पानी सुलभ हो जाता था तथा लोगों का अपने-अपने घरों में बोरिंग से काम चल जाता था। किंतु जलवायु परिवर्तन के कारण अब फागुन मास के पूर्व ही नदियां सूख जाती है। जिस कारण जलस्तर काफी नीचे गिर जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को पानी की भीषण समस्या झेलनी पड़ती है। इसके साथ ही यदि नल जल योजना का भी पानी लोगों तक नहीं पहुंच पाया तो लोगों को पानी की भीषण समस्या झेलनी पड़ सकती है। बताते चलें की सिकंदरपुर गांव में दो पानी की टंकी है। जिसमें वार्ड 13 की पानी की सप्लाई चालू है। किंतु 14 की चालू नहीं है।

## बांका: जिला पदाधिकारी ने वाटरशेड यात्रा वाहन को हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना







**बिहार पत्रिका।बांका**

बांका जिला अंतर्गत प्रस्तावित वाटरशेड यात्रा का सोमवार को वाटरशेड यात्रा आउटरिच अभियान के तहत बांका मुख्यालय से वाटरशेड यात्रा वाहन को जिला पदाधिकारी सहअध्यक्ष जिला जलछाजन समिति, बांका के द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। वाटरशेड यात्रा की शुरुआत प्रखंड कटोरिया के लकरामा पंचायत में घरचप्पा ग्राम से किया गया वाटरशेड यात्रा अभियान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया , जिसमे भूमि पूजन, लोकार्पण, पानी की पाठशाला, पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम करवाया गया। साथ ही पुरस्कार वितरण किया गया।

किसानों एवं बच्चों के साथ मिलकर शपथ ग्रहण किया गया एवं आदिवासी महिलाओं द्वारा स्वागत गान एवं आदिवासी नृत्य के माध्यम से वाटरशेड यात्रा हेतु जनजागरूकता फैलाया गया उक्त कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक किसान एवं बच्चों ने भाग लिया उक्त कार्यक्रम के माध्यम से भूमि संरक्षण विभाग बांका अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।,जिसमे जिला से उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) भूमि संरक्षण बांका, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) भूमि संरक्षण बांका, सहायक निदेशक (शस्य) भूमि संरक्षण बांका, सहायक निदेशक (रसायन), सहायक निदेशक (प्रक्षेत्र), सहायक भूमि संरक्षण पदआधिकारी कटोरिया एवं बौसीं, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कटोरिया, परियोजना प्रबंधक, सभी डब्लू डी टी, सभी जलछाजन समिति सचिव, भूमि संरक्षण विभाग बांका के कर्मी एवम् परियोजना क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सर्पदंश से किसान की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मो. साजिद । बिहार पत्रिका**

**खगड़िया।** जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पैकान्त गांव में सोमवार को खेत में काम के दौरान सर्पदंश से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान नागेश्वर मिस्त्री (पिता- वीरेन मिस्त्री) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार नागेश्वर मिस्त्री खेत में सिंचाई कर रहे थे, तभी अचानक उन्हें विषैला साँप ने डस लिया। परिजन आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नागेश्वर मिस्त्री अपने परिवार के अकेले कमाने वाले



सदस्य थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोग उन्हें एक मिलनसार, मददगार और जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में जानते थे। मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मृतक के घर जमा हो गई। पूरे गांव समेत आसपास के इलाके में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका को पद से किया गया चयनमुक्त

**बिहार पत्रिका, बाराहाट/बांका।** बाल विकास परियोजना कार्यालय, बाराहाट के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र औरिया (केंद्र संख्या-15, पंचायत औरिया) की सेविका रानु कुमारी देवी को गबन के आरोप में पद से हटा दिया गया है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, बांका के न्यायालय में हुई सुनवाई में यह साबित हुआ कि रानु कुमारी देवी ने टी.एच.आर. (टेक होम राशन) वितरण के दौरान अपनी सगी बहन श्रीमती रानी कुमारी को फर्जी लाभार्थी बनाकर चार महीने की राशि का गबन किया। इस प्रकार, उन्होंने विभागीय नियमों का उल्लंघन किया और सरकारी राशि का दुरुपयोग का किया। आरोप प्रमाणित होने के बाद, तत्काल प्रभाव से उन्हें आंगनबाड़ी सेविका के पद से चयनमुक्त करने का आदेश जारी किया गया।

## संक्षिप्त खबर

### बिहार दिवस पर गांधी मैदान में समारोह, नीतीश ने किया उद्घाटन

बिहार दिवस पर पटना के गांधी मैदान में भव्य कार्यक्रम हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झंडोत्तोलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने बिहार की प्रगति पर जोर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने भाग लिया। 'जागरूक बिहार, विकसित बिहार' थी थीम। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

### बिहार बोर्ड इंटर का रिजल्ट कल होगा जारी

BSEB ने 12वीं का परिणाम 25 मार्च को जारी करने की घोषणा की। रिजल्ट दोपहर 1 बजे आधिकारिक वेबसाइट पर मिलेगा। इस बार 13 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। टॉपर्स का इंटरव्यू पूरा हो चुका है। बोर्ड चेयरमैन रिजल्ट जारी करेंगे। पिछले वर्ष 87.21% छात्र पास हुए थे।

### दरभंगा में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, लूट की आशंका

शहर के नाका नंबर 6 पर अपराधियों ने कपड़ा व्यवसायी को मारा। वारदात के बाद लुटेरे कैश लेकर फरार हो गए। स्थानीय दुकानदारों ने हंगामा किया। पुलिस ने सीसीटीवी खंगालना शुरू किया है। एसपी ने जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया। व्यापारियों में दहशत है।

### खगड़िया में निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा, मजदूर घायल

अलौली प्रखंड में पुल का स्लैब गिरने से अफरातफरी मच गई। एक मजदूर घायल हुआ, जिसे अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों ने घटिया निर्माण का आरोप लगाया। DM ने जांच के आदेश दिए हैं। काम को फिलहाल रोक दिया गया है। निर्माण कंपनी पर कार्रवाई तय।

### पटना में राजद की इफ्तार पार्टी, विपक्षी एकता का प्रदर्शन

लालू यादव ने पटना में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इसमें कांग्रेस, वाम दलों के नेता शामिल हुए। भाईचारा और धर्मनिरपेक्षता का संदेश दिया गया। तेजस्वी यादव ने भी सभी को बधाई दी। राजनीतिक समीकरणों को लेकर अटकलें तेज। इफ्तार में मुस्लिम समुदाय की बड़ी भागीदारी रही।

### गया स्टेशन पर बम की अफवाह, यात्री दहशत में

गया जंक्शन पर एक लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। बम स्क्वॉड ने जांच की, कोई विस्फोटक नहीं मिला। घटना के कारण दो ट्रेनें रोकी गईं। पुलिस ने यात्रियों को सतर्क रहने की अपील की। बैग में कपड़े और दवाइयाँ निकलीं। स्थिति अब सामान्य है।

### बेगूसराय में हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

एसटीएफ ने हथियार तस्कर गिरोह को गिरफ्तार किया।12 पिस्टल और 50 कारतूस जब्त किए गए। गिरफ्तारी झारखंड बॉर्डर के पास से हुई। गिरोह यूपी-बिहार में सक्रिय था। तफ्तीश जारी है। डीआईजी ने इसे बड़ी कामयाबी बताया।

### बिहार में गर्मी बढ़ी, बिजली की मांग में इजाफा

पटना सहित पूरे बिहार में पारा चढ़ने लगा है। बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से संयम बरतने की अपील की। ग्रामीण इलाकों में कटौती की शिकायतें बढ़ीं। लोड शेडिंग की योजना तैयार की गई है। AC और कूलर से लोड बढ़ा।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान शुरू

राज्यभर में सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत हुई। यातायात पुलिस स्कूल-कॉलेज में अभियान चला रही है। हेलमेट, सीट बेल्ट के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा। सड़क हादसों में गिरावट लाने का लक्ष्य। लोगों को ट्रैफिक नियम समझाए जा रहे। जगह-जगह पोस्टर और होर्डिंग लगे।

### कुरसेला में 10 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**कटिहार।** कुरसेला थाना क्षेत्र के कुरसेला बस्ती में पुलिस ने 10 लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजा कुमार (पिता – छुतहरू मंडल) के रूप में की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध शराब खपाने की तैयारी में है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर राजा कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से भारी मात्रा में 10 लीटर देशी शराब बरामद की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाने लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उसके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में कटिहार भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है।

# बच्चों को डिजिटल शिक्षा की सौगात, ग्रामीण प्रतिभाओं को लगेंगे पंख

**कुमार चंदन । बिहार पत्रिका**



**बौंसी/बांका।** भारत की प्राचीन संस्कृति और शिक्षा प्रणाली अत्यंत गौरवपूर्ण रही हैं। यहां समय समय पर अनेक ऋषि, मुनि, संत, विचारक और दार्शनिक हुए हैं। जिन्होंने अपने ज्ञान के माध्यम से अनेकों ग्रन्थों और रचनाओं का निर्माण किया हैं। वेद और उपनिषद विश्व के प्राचीनतम ग्रन्थों में से एक माने जाते हैं, जिनसे यह ज्ञात होता है कि प्राचीन समय में भी भारत में ज्ञान का प्रचार-प्रसार बहुत था। गुरुकुल उस समय अध्ययन का मुख्य केंद माने जाते थे। जिसने समय के साथ विधालय और कॉलेज का रूप ले लिया। मध्य भारत के इतिहास में भी नालंदा, तक्षशिला, जैसे बहुत से महाविधालय हुआ करते थे जो उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद माने जाते थे। जहां विदेश से भी छात्र एवं छात्राए शिक्षा ग्रहण करने आते थे। समय के साथ-साथ भारत की शिक्षा प्रणाली में भी परिवर्तन होते रहे हैं। मालूम हो की प्राचीन समय में भारत के कई ऐसे गांव थे जहाँ छात्र एवं छात्राएं लालटेन की टिमटिमाती रोशनी में पढाई करने को विवश थे। इतना ही नहीं वे समय के साथ परिवर्तन होने से बिजली के खम्बे में लगे रोशनी में भी पढ़ा करते थे। परन्तु समय के साथ परिवर्तन होने से अब गाँव के छात्र एवं छात्राए भी आधुनिक शुख सुबिधा के साथ पढाई कर आपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इसी कड़ी में बौंसी प्रखंड के श्यामबाजार रेलवे रोड जे के नगर में स्थित दिव्यांशी अकादमी के पहले तल पर डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारम्भ 10 मार्च से हो चूका है। जहाँ गाँव के छात्र एवं छात्राए भी आधुनिक शुख सुबिधा के साथ पढाई कर आपने सपनों को साकार कर सकते हैं। लाइब्रेरी के संचालक सुभाष चन्द्र पंजियारा एवं सोनू कुमार ने बताया की डिजिटल लाइब्रेरी में छात्र एवं छात्राए आधुनिक शुख सुबिधा के साथ पढाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया की डिजिटल लाइब्रेरी में फ़िल्टर पानी की सुबिधा, वाई फाई की सुबिधा, ए सी की सुबिधा,सी सी टी वि की निगरानी में छात्र एवं छात्राए साउंड प्रूफ वातावरण में 24 घंटे लाइट की सुबिधा में और 24 घंटा पढाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया की डिजिटल लाइब्रेरी सभी के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने बताया की उनके पास होस्टल की भी सुबिधा मौजूद है। जहाँ मेट्रिक और इंटर के छात्र एवं छात्राएं रहकर हर तरह की पढाई कर सकते हैं।

# टेक होम राशन वितरण का बीडीओ ने लिया जायजा






**उमाकांत साह। बिहार पत्रिका**

**चांदन/बांका।** प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सहित सिलजोरी पंचायत अवस्थित वार्ड नंबर 1 के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 सेविका नीरव देवी द्वारा लाभुकों के बीच टेक होम राशन वितरण का जायजा लेने पहुंचे प्रखंड प्रभार विकास पदाधिकारी पंकज कुमार दास। जहां सेविका के द्वारा गर्भवती महिला एवं धात्री महिला लाभुकों के बीच कर रहे वितरण से काफी प्रफुल्लित हुए। तथा सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र की रखरखाव एवं आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए उपलब्ध कराए गए खेल सामग्री सहित केंद्र का सजावट देख बीडीओ पंकज कुमार दास ने कहा की सेविका नीरव देवी द्वारा टेक होम राशन विवरण सिस्टम के अनुसार कर रही है, बीडीओ ने सिलजोरी आंगनबाड़ी केंद्र तीन सहित कई आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और अपनी उपस्थिति में लाभुकों के बीच सुख राशन चावल दाल सोयाबीन सहित अन्य सामग्रियों का वितरण निर्धारित मात्रा में कराया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिका के निर्देश दिया कि यह कार्यक्रम बाल विकास परियोजना के द्वारा संचालित किया जाता है जिसे निष्पक्षता पूर्वक अपने पोषक क्षेत्र में चिन्हित धात्री महिलाओं को उचित मात्रा में राशन दिया जाय। ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे एवं महिलाओं को पौष्टिक आहार मिल सके एवं बच्चों को कुपोषित से मुक्ति मिल सके। मौके पर सेविका नीरव देवी साहिका एवं दर्जनों गर्भवती एवं धात्री महिला उपस्थित थे।

# बांका: पोस मशीन से नाम कटने से कार्यालय का चक्कर लगा रहे लाभुक

**बिहार पत्रिका। बांका**



**चांदन ।** जन कल्याणकारी योजना के तहत गरीब परिवार को एक तरफ जहां सरकार द्वारा जन वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन मुहैया कर रही है, तो कहीं पोस मशीन से लाभुकों का नाम कट जाने की शिकायतें को लेकर प्रखंड आपूर्ति कार्यालय की चक्कर लगाने में सुबह से शाम तक कार्यालय में समय बिताकर घर वापस लौटने को मजबूर होती दिख रही है ताजा मामला चांदन प्रखंड के चंदन पंचायत की है जहां राशन उपभोक्ता का राशन कार्ड में नाम अंकित है लेकिन पोस मशीन नाम कट जाने की शिकायत को लेकर प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का चक्कर कट रही है लेकिन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संदीप बरनवाल अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने से लाभुक परेशान होती दिख रही है। इस संबंध में चंदन के जन वितरण प्रणाली दुकानदार प्रिया चंद्र आजाद अकबर अली शब्बू यादव प्रेमचंद दास आदि दिलेरों ने बताया कि लाभुकों के राशन कार्ड में 5 मिनट दिख रहा है पर मेरे पास जो प्राप्त पोस मशीन है जिसमें मात्र दो लोगों का ही नाम दिखने से समस्या उत्पन्न हो रही है। जबकि पिछले नवंबर दिसंबर के महीने में सभी लाभुकों के बीच राशन वितरण किया जा चुका है। लेकिन इस बार अक्सर लागू का का यूनिट घट गया है इसकी शिकायत विभागीय स्तर पर हम सभी ने भी किया। कुछ लाभुकों ने बताया कि पहले की अपेक्षा में इस बार पोस मशीन से नाम हट जाने के कारण राशन उठाओ से वंचित रह गए, डीलर द्वारा बताया गया कि जिन लाभों का नाम पोस मशीन से हट गया है वैसे लाभुक प्रखंड आपूर्ति को आवेदन देकर नाम जुड़वाया जाएगा। लेकिन प्रखंड आपूर्ति संदीप बरनवाल अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है, इस मामले में ग्राम पंचायत के मुखिया अनिल कुमार के संज्ञान में आते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार दास से शिकायत किया गया जहां बीडीओ पंकज कुमार दास ने बताया कि विभागीय स्तर पर सुधार हेतु सूचनार्थ करूंगा ताकी फिर ऐसी दोबारा घटना ना हो। इसके लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर, जल्द से जल्द लाभुकों का समस्या निपटारा किया जाएगा। कुछ लाभुकों ने बताया कि हमारे परिवार के सदस्य में बच्चों का नाम आज भी राशन कार्ड में अंकित है, पर घर के मुखिया का ही नाम राशन कार्ड से नाम गायब कर दिया गया है।

# आगामी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर सभी तैयारी पूर्ण

**कामेश्वर साह। बिहार पत्रिका**




**फुल्लीडुमर/बांका।** जिले के चंद्रशेखर सिंह नगर भवन बांका में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 25 मार्च 2025 को दिन के 11:00 बजे आयोजित की जा रही है। जिसको लेकर पार्टी के जिला कोर कमेटी द्वारा सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वहीं इसकी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष नीरोज कुमार सिंह ने बताया कि भव्य जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अनुमति मिल गई है। आगे जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि मंगलवार को होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान, पूर्व सांसद चंदन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेने बांका रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर जिले के मुख्य मार्ग में भव्य तोरण द्वार एवं पूरे शहर में बैनर पोस्टर एवं पार्टी के झंडे लगाए गए हैं। आगे जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से हजारों लोगों के कार्यक्रम में शामिल होने की भी बात बताई। वहीं कार्यक्रम की सफलता को लेकर सोमवार को पार्टी कार्यालय बांका में एक समीक्षा बैठक भी की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष निरोज कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आसिफ खान, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, गुरदेव पासवान, प्रधान महासचिव जयप्रकाश राय, प्रकाश राय, जिला सचिव मंटुन राय, संगठन मंत्री दीप नारायण राय, कोषाध्यक्ष दिलीप राय, क्रांति सिं,ह रणजीत राय, जितेंद्र पासवान, जिला दलित सेना संगठन अध्यक्ष आदिवासी सेल शिवलाल हांसदा, प्रखंड अध्यक्ष बाराहाट सिकंदर कुमार, प्रखंड अध्यक्ष कटोरिया रविशंकर शर्मा सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

# सरायरंजन से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे समाजसेवी कुणाल कुमार, बोले – दल टिकट न दे तो लड़ेंगे निर्दलीय, 26 मार्च से 'जन-यात्रा' की होगी शुरुआत

**रामरूप राय । बिहार पत्रिका**



**समस्तीपुर ।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में बढ़ौना पैक्स अध्यक्ष एवं समाजसेवी कुणाल कुमार ने सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। सोमवार को अपने आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि अगर पार्टी टिकट नहीं देती है तो वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरेंगे।

कुणाल कुमार ने कहा, 'हम लोगों के दिलों में बसते हैं। अब समय आ गया है कि सरायरंजन क्षेत्र का बेटा ही यहां की जनता का प्रतिनिधित्व करे, तभी क्षेत्र का समग्र विकास संभव है।' उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के वर्तमान विधायक पिछले 15 वर्षों से पद पर रहते हुए भी जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। विकास गिने-चुने लोगों तक सीमित रहा है, जबकि युवाओं को रोजगार के नाम पर दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने ऐलान किया कि आगामी बुधवार, 26 मार्च को विद्यापतिधाम उगना-महादेव मंदिर से 'सरायरंजन बताओ जन-यात्रा' की शुरुआत करेंगे।

यह जन-यात्रा कुल 37 दिनों तक चलेगी, जिसमें वे हर घर तक पहुँच कर लोगों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को नजदीक से समझने की कोशिश करेंगे। यात्रा के पहले चरण में साहिट, बालकृष्णपुर मड़वा, मऊ धनेशपुर उत्तर, मऊ धनेशपुर दक्षिण, शेरपुर समेत कई पंचायतों का दौरा किया जाएगा। इस दौरान कुणाल कुमार अपनी टीम के साथ रात्रि विश्राम गांवों में ही करेंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से संगठित होकर साथ देने और समर्थन देने की अपील की है।उन्होंने विश्वास जताया कि जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है और वह भ्रष्टाचार व उपेक्षा की राजनीति को नकार कर एक ईमानदार व जमीन से जुड़ा प्रतिनिधि चुनेगी।

# कटारी हिल के बढ़ई टोला में हो रहे नाली निर्माण में दिखी कई कमियां

## बड़े पैमाने पर घोलमाल होने की आशंका

**धीरज । बिहार पत्रिका**



**गया, बिहार ।** गया के वार्ड संख्या 28 में कटारी हिल के पास बढ़ई टोला में बिना अभियंता की देख रेख में हो रहे नाली एवम पथ निर्माण में कई कमियां सामने आई है। यह पथ लगभग 15 किलोमीटर की क्षेत्र में कई गाँवों को जोड़ता है। इस तरह से हो रहे नाली एवम पथ निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष है क्योंकि नाली का गंदा पानी इनके घरों में तथा सड़कों पर आ रहा है। लोगों का कहना है कि इससे पूर्व में भी बंगाली बिगहा से गजधार बिगहा तक के पथ निर्माण में हुई गड़बडियाँ हुई थी जिसकी लिखित सूचना नगर प्रशासन से लेकर वरिए पदाधिकारियों तक दी गयी थी लेकिन किसी पदाधिकारि ने इसकी चिंता व्यक्त नहीं की थी। इस बार ऐसा नहीं होगा। हो रहे निर्माण की यदि किसी ने सुध नहीं ली तो चरण वद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा जिसका जिम्मेवार नगर प्रशासन होगा।

# जनसमस्याओं को लेकर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया डीएम से की मुलाकात, समाधान की मांग

**बिहार पत्रिका । गया**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने सोमवार को गया जिला के आम लोगों की समस्याओं को लेकर जिला पदाधिकारी डॉ. एस. त्यागराजन से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले की प्रमुख जनसमस्याओं को विस्तार से रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

बैठक में डॉ. मिश्रा ने जिले में गर्मी की शुरुआत के साथ बढ़ रही बिजली कटौती और पेयजल संकट, अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी, जरूरी दवाओं की अनुपलब्धता, और यातायात अव्यवस्था जैसे ज्वलंत मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि यदि इन समस्याओं पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो आम जनता को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।डॉ. मिश्रा ने ज़िला प्रशासन से आग्रह किया कि इन मुद्दों पर त्वरित और ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि 'जनता की समस्याओं को उठाना और उनके हक के लिए संघर्ष करना ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है और मैं इसके लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।' जिला पदाधिकारी डॉ. एस. त्यागराजन ने भाजपा नेता को आश्वस्त किया कि वे इन सभी समस्याओं को गंभीरता से लेंगे और प्राथमिकता के आधार पर समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भी प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित थे।

# पंचायत सरकार भवन का किया गया शिलान्यास

**बिहार पत्रिका। बौंसी/बांका**



बौंसी प्रखंड के फागा पंचायत के फागा गांव में सरपंच अमित दुबे के द्वारा पंचायत सरकार भवन का विधिवत् पूजा अर्चना के साथ शिलान्यास नारियल तोड़ कर किया गया। जेसीबी मशीन के द्वारा खुदाई कार्य भी शुरू कर दिया गया। कृष्णा गोपाल सिंह ठिकेदार के सहमति से कार्य शुरू किया गया। मौके पर वार्ड मेंबर श्याम मिश्रा, निवर्तमान जिला किसान मोर्चा भाजपा उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, नित्यानंद सिंहा, भूदेव ठाकुर, सुखदेव यादव, राजेन्द्र सिन्हा, मिथिलेश कुशवाहा, प्रीतम कुशवाहा, हेमन्त यादव, अमर यादव, भूदेव राय, सरयू राय, अरविंद दास, ग्राम कचहरी के सचिव शंभु दास, दीनदयाल दास, बिकास सिन्हा, दिव्यांशु मिश्रा, गौतम सिन्हा, चंदा देवी, शकुना देवी, बड़की देवी, परमेश्वर यादव, जगदीश राय, पंडित विवेक मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, किशोर मिश्रा, झारू यादव, ठिकेदार कृष्णा गोपाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# टी एच आर वितरण में एफआरएस सिस्टम बना रोड़ा

**उमाकांत साह। बिहार पत्रिका**

**चांदन/बांका।** सोमवार को चांदन प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभुकों के बीच टेक होम राशन का वितरण कार्यक्रम किया गया।इस दौरान केंद्रों पर लाभुकों के मिलने वाले सुखा राशन चावल, दाल, सोयाबीन सहित अन्य सामग्रियों का वितरण निर्धारित मात्रा किया गया। तो कहीं टीएचआर वितरण में सरकार द्वारा जारी एफआरएस सिस्टम की आड़ में सरवर नहीं काम करने एवं लाभुकों की आधार कार्ड एवं मोबाइल लिंक नहीं रहने की बात पर गर्भवती धात्री महिलाएं टी एच आर उठाव से वंचित रह गई। इस तरह से चांदन प्रखंड के कुसुम जोरी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 37, दक्षिणी वार्नें केंद्र संख्या 147 सिधुडीह 148 आदि में मात्र 10% टीएचआर वितरण किया गया। लाभुक महिला ने बताई की मेरे मोबाइल पर ओटीपी नहीं आने से सेविका द्वारा राशन नहीं दी गई।

खासकर को कुसुम जोरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 37 की सेविका सविता देवी द्वारा किसी भी गर्भवती एवं धात्री लाभुक को टीएचआर वितरण नहीं की गई। इस अवसर पर सीडीपीओ वंदना दास एवं अन्य कर्मियों ने अपने-अपने चिन्हित केंद्रों पर निर्धारित मात्रा में लाभुकों के बीच राशन का वितरण कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया.

इस दौरान सीडीपीओ वंदना दास ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों से पोषक क्षेत्र के तीन वर्ष के बच्चों गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को के बीच के टेक होम राशन के तहत पौष्टिक आहार चावल, दाल, सोयाबीन सहित अन्य सामग्री का वितरण किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि गर्भ में पल रहे बच्चे एवं महिलाओं को पौष्टिक आहार देना है ताकि बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिल सके. टेक होम राशन वितरण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिका को निर्देश दिया कि यह कार्यक्रम बाल विकास परियोजना के द्वारा संचालित किया जाता है। जिसे निष्पक्षतापूर्वक अपने-अपने पोषक क्षेत्र के चिह्नित धात्री महिलाओं को उचित मात्रा में राशन दिया जाये, वहीं जिस केंद्र पर सेविका द्वारा अनियमितता बरतने की बात पर उन्होंने जांच कर विधिवत कार्रवाई करने का निर्देश दी।





# नए अध्यक्ष के चयन को लेकर संघ का बीजेपी के साथ कोई मतभेद नहीं

## –संघ के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने कहा– फैसला पार्टी पर निर्भर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने साफ कर दिया है कि बीजपी के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका बीजेपी के साथ कोई मतभेद नहीं है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से बीजेपी पर निर्भर है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया कि बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव जल्द होगा, जिससे इस मामले को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग जाएगा।

शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के दौरान एक संघ के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने बीजेपी अध्यक्ष के लंबित चुनाव के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि संघ के सदस्य 32 संबद्ध संगठनों में काम करते हैं। हर संगठन स्वतंत्र है और उसकी अपनी फैसले लेने की प्रक्रिया है। उनकी अपनी सदस्यता संरचना और स्थापित प्रक्रियाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के लिए समन्वय समिति की बैठक नहीं होगी। बीजेपी और आरएसएस में कोई अंतर नहीं है। हम समाज और देश के लिए मिलकर काम करते हैं। आज भी हम उसी विश्वास और समझ के साथ काम कर रहे हैं। पार्टी की प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और कई स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है. आने वाले दिनों में बीजेपी अध्यक्ष का चुन लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पार्टी के ढांचे के अंदर ही पूरी होगी। बस कुछ दिन इंतजार कीजिए, सब कुछ साफ हो जाएगा। वर्तमान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा जो केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री भी हैं अपने कार्यकाल को विस्तार देते हुए इस पद पर बने हुए हैं। चर्चा यह भी है कि बीजेपी और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं।

अरुण कुमार ने आगे कहा कि हमारे राष्ट्रीय जीवन की एक अलग पहचान है और सभी को इसकी रक्षा करनी चाहिए। इस देश में कई भाषाएं हैं, लेकिन भावनाएं एक ही हैं। सभी भाषाओं का सार एक है। महान व्यक्तित्व कभी भी अपने राज्य तक सीमित नहीं रहे, वे पूरे राष्ट्र से जुड़ाव की भावना रखते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कई धर्म, अलग-अलग खान-पान और अलग-अलग संस्कृतियां हैं, फिर भी मूल्य एक जैसे हैं। हमारी संस्कृति एक है। हमारा विश्वास 'एक लोग, एक राष्ट्र' में है। ऐतिहासिक रूप से जबकि देश के भीतर अलग-अलग राज्य थे, लोग हमेशा स्वतंत्र रूप से घूमते रहे हैं, जहां भी वे चाहते थे, बस गए। यह हमारी विशिष्ठता है। भाषा या संस्कृति को लेकर कोई मतभेद नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें ब्रिटिश शासन द्वारा छोड़ी गई कमियों को दूर करना होगा। आखिरकार जैसा कि संविधान की प्रस्तावना में कहा गया है, 'हम, भारत के लोग' 'हम' शब्द परिभाषित करने वाला तत्व है। धर्म, भाषा और अन्य पहलुओं में मतभेद यहीं खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान एक है। संघ का मानना ??है कि हम भारत के लोगों को सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। हमने इसे स्वीकार किया है और जबकि कोई भी व्यवस्था परिपूर्ण नहीं है, हमने राज्यों और राष्ट्र के साथ एक संरचना बनाई है। मूल विचार हमेशा देश के बारे में सोचना होना चाहिए।

अरुण कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जो देशभक्ति, एकता, निस्वार्थता, अनुशासन और राष्ट्र प्रथम की मानसिकता को बढ़ावा दे। अगर समाज मजबूत और संगठित है, तो चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सकेगा। लोगों की गुणवत्ता देश की नियति तय करती है। कुछ महान व्यक्तियों के कारण कोई राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि महान नागरिक ही राष्ट्र को महान बनाते हैं। यही हमारा काम है। हम जिस समाज की कल्पना करते हैं, वह संघ को आकार देने के हमारे तरीके में झलकता है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे यह भावना बढ़ेगी, परिवर्तन भी होगा। शताब्दी समारोह के दौरान यह प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज की ताकत सर्वोपरि है। जब हम कहते हैं कि आरएसएस पूरे देश में फैल रहा है, तो इसका मतलब सिर्फ संख्यात्मक वृद्धि नहीं है। इसका मतलब है समाज की ताकत का जागरूक होना। आरएसएस का अंतिम लक्ष्य समाज को बदलना है। संघ केवल एक संगठन नहीं है, यह सामाजिक परिवर्तन के लिए एक विशाल जन आंदोलन है। हम लगातार प्रयास करते रहते हैं और उन पहलों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है।

## शिंदे पर कुणाल ने जोक मारा, एफआईआर हुई, शिवसेना ने धमकी दी कहा– भारत से भगा देंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई( ईएमएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लेकर जोक बोलने वाले कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ जहां एफआईआर दर्ज हुई है वहीं शिवसेनिकों ने धमकाते हुए कहा कि कुणाल जहां भी जाएंगे वहीं हमारे शिवसेनिक उनका पीछा करेंगे। एक दिन ऐसा आएगा जब हम उन्हे भारत छोड़ने को मजबूर कर देंगे। कामरा ने सोमवार को एक्स पर एक फोटो पोस्ट की है। इसमें वह भारत के संविधान की प्रति लिए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने लिखा है, आगे बढ़ने का सिर्फ एक यही तरीका है। शिंदे को लेकर उनकी तरफ से की गई टिप्पणी को शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) नेता संजय राउत ने भी शेयर किया था और कहा था, कुणाल का कमाल।शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कामरा को चेतावनी दी कि पूरे देश में शिवसेना कार्यकर्ता उनका पीछा करेंगे। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, आपको भारत से भागने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा, कुणाल कामरा एक किराए के कॉमेडियन हैं, और वह कुछ पैसों के लिए हमारे नेता पर टिप्पणी कर रहा हैं। महाराष्ट्र की बात तो दूर, कुणाल कामरा पूरे भारत में कहीं भी स्वतंत्र रूप से नहीं जा सकते, शिवसैनिक उन्हें उनकी जगह दिखा देंगे।उन्होंने कहा, हमें संजय राउत और शिवसेना (यूबीटी) के लिए दुख है कि उनके पास हमारे नेता पर टिप्पणी करने के लिए कोई पार्टी कार्यकर्ता या नेता नहीं बचा है, यही वजह है कि वे इस काम के लिए उनके (कुणाल कामरा) जैसे लोगों को काम पर रख रहे हैं... हम बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा का पालन करते हैं, और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कुणाल कामरा न तो महाराष्ट्र में और न ही देश में कहीं भी स्वतंत्र रूप से घूम सके। कुणाल कामरा को करारा जवाब मिलेगा, और वह आकर अपनी गलती के लिए माफी मांगेंगे।वहीं, भारतीय जनता पार्टी विधायक राम कदम ने कहा, कुणाल कामरा ने सस्ती लोकप्रियता के लिए बार-बार देश के बड़े राजनेताओं और पत्रकारों के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। ऐसा क्यों? अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर क्या वह किसी को भी कुछ भी कह सकते हैं? एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री हैं।

## सांसदों की सैलरी और पेंशन बढ़ी : अब हर सांसद को मिलेंगे 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने सांसदों के वेतन में 24प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की, जिसमें बताया गया कि अब प्रत्येक सांसद को 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। पहले यह राशि 1 लाख रुपये थी। यह वेतन वृद्धि कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स (लागत मुद्रास्फीति सूचकांक) के आधार पर की गई है और यह 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी। इससे पहले, 2018 में मोदी सरकार ने सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा करने का नियम बनाया था। यह समीक्षा महंगाई दर को ध्यान में रखते हुए की जाती है।

**डेली अलाउंस और पेंशन में भी इजाफा**

सांसदों के दैनिक भत्ते (डेली अलाउंस) और पूर्व सांसदों की पेंशन में भी वृद्धि की गई है। अब सांसदों को मिलने वाला डेली अलाउंस 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। वहीं, पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 रुपये से बढ़ाकर 31,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इसके अलावा, पांच साल से अधिक समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर अतिरिक्त वर्ष के लिए मिलने वाली पेंशन भी 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इस वेतन और भत्ता वृद्धि का उद्देश्य सांसदों को बढ़ती महंगाई के अनुरूप वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने संसदीय कर्तव्यों को बेहतर ढंग से निभा सकें।

## बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर काला जादू ?

मुंबई (एजेंसी)। हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास, वर्षा बंगले में जादू-टोना किए जाने के शिवसेना (ठाकरे) सांसद संजय राउत के आरोपों से राजनीतिक हलकों में विवाद छिड़ गया था। संजय राउत ने आरोप लगाया कि कामाख्या मंदिर में बलि दिए गए हिरणों के सींग वर्षा बंगले के लॉन में दफनाए गए थे। अब बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर काले जादू का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल हाई कोर्ट के बोर्ड के नीचे नारियल, नींबू और काली गुड़िया पाई गई हैं। इससे हड़कंप मचा है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि यहां किसने काला जादू करने का प्रयास किया। हाई कोर्ट के बाहर काला जादू किए जाने की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं। ज्ञात हो कि राज्य में अंधविश्वास के खिलाफ कई कानून बनाए गए हैं। अंधविश्वास फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाती है। इस बीच, बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर काला जादू किए जाने की चर्चा सुनी जा रही है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में कागज के टुकड़े पर नारियल, नींबू और हल्दी व केसर से लिपटी गुड़िया रखी हुई दिखाई दे रही है। हाईकोर्ट में कई लोगों को न्याय मिलता है और गलत काम करने वालों को सजा भी मिलती है, लेकिन इसी कोर्ट में काला जादू होने की बात सामने आने से हड़कंप मचा है। बहरहाल इसमें कितनी सच्चाई है ये तो जाँच का विषय है।

## तापसी की मूवी हसीन दिलरुबा देख, पति के शव को ठिकाने लगाने का आइडिया मुस्कान को मिला

मुंबई (एजेंसी)। मेरठ में सौरभ हत्याकांड की वारदात ने लोगों का दिल दहला दिया है। सौरभ की पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल संग मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। अब एक-एक कर मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुस्कान ने अभिनेत्री तापसी पन्नू की फिल्म देखकर पति सौरभ को मारने का षडयंत्र रचा। बताया जा रहा है कि सौरभ की हत्या करने के बाद मुस्कान ने यूट्यूब पर खोजा की कैसे लाश को ठिकाने लगाएं। इतने में ही उन्हें तापसी और विक्रांत मैसी की फिल्म हसीन दिलरुबा देखी। पहला पार्ट देखने के बाद दोनों ने दूसरा पार्ट भी देखा। इसके बाद दोनों ने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई।

## लेह में कांपी धरती, घबराकर लोग आए घरों से बाहर, नुकसान की जानकारी नहीं

लेह लद्दाख। लेह लद्दाख की धरती कांप गई यहां 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक यह भूकंप सोमवार सुबह 4 बजकर 32 मिनट 58 सेकंड पर आया। भूकंप का केंद्र लेह लद्दाख में 34.35 उत्तरी अक्षांश और 78.06 पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर मापी गई। धरती कांपने से डर कर लोग घरों से बाहर आ गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने बताया कि भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग नींद से जाग गए और घरों से बाहर आ गए। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों ने स्थिति पर नजर रखी हुई है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। लद्दाख हिमालय पर्वत श्रृंखला के पास स्थित है और इस कारण भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्षेत्र में छोटे-मोटे भूकंप आना सामान्य बात है, लेकिन बड़े भूकंप का खतरा भी रहता है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 होने के कारण इसे हल्का माना जा रहा है, जिससे आमतौर पर नुकसान की संभावना कम ही होती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें। भूकंप के बाद मौसम विभाग और भूकंप विज्ञानियों की टीम क्षेत्र में स्थिति का जायजा लेने वहा पहुंच गई। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधियां संभव हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और लोग अपने दैनिक कार्यों को अंजाम दे रहे हैं।

## अभिमन्यू की तरह छल कपट से केजरीवाल को हराया गया: सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली आम आदमी पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल की हार की तुलना महाभारत में अभिमन्यु के वध से की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली का चुनाव हुआ है। मैं तो जब सुनता हूं मुझे ऐसा लगता है कि जैसे चक्रव्यू के अंदर अभिमन्यु को घेरकर छल-कपट के साथ वध किया गया था, वैसे ही हमारे केजरीवाल जी को नई दिल्ली में घेरा गया। यह सबने देखा है।




विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार के करीब डेढ़ महीने बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल दिल्ली में किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल के सामने दिल्ली के नए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज नई दिल्ली सीट के चुनाव परिणाम का भी जिक्र किया। सौरभ भारद्वाज ने मुस्कुराहट के साथ कहा कि केजरीवाल की किस्मत ऐसी ही है, वह कभी नीचे जाते हैं और कभी ऊपर। हम सब की किस्मत इनके साथ है। ये जितना नीचे जाते हैं, बॉल को नीचे मारो तो वह उतनी ऊपर जाती है, मेरा तजुर्बा है कि अरविंद जी जब जब नीचे गए हैं ये दोगुनी स्पीड से ऊपर गए हैं। पूरी पार्टी और एक-एक कार्यकर्ता की किस्मत इनके साथ जुड़ी है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जब आप की सरकार बनी थी तो लोगों को चेहरों पर खुशी नजर आती थी, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद लोग खुश नहीं हैं। हमारे हारे हुए विधायक जहां जाते हैं वहां लोग पकड़कर खड़े हो जाते हैं गले लगकर रोने लगते हैं। आप कैसे हार गए हमने तो वोट दिया था। यह हमारी बहुत बड़ी जीत है कि हमारी हार का चर्चा उनकी जीत से ज्यादा है। पुलिस का इस्तेमाल, चुनाव आयोग का इस्तेमाल, पैसे का इस्तेमाल, प्रशासन का इस्तेमाल, गुंडागर्दी का इस्तेमाल, सब करके भी यदि आप मान लें कि रिजल्ट सही भी है तो आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच दो फीसदी वोट शेयर का ही फर्क है।

## लालू यादव की इफ्तार पार्टी को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ी, नीतीश कुमार की पार्टी में जो नहीं पहुंचे वो यहां आएंगे नजर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में मौजूदा साल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले इफ्तार पार्टियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की ओर से आज सोमवार को ही इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। दावा किया जा रहा है कि इसमें वे मुस्लिम धार्मिक संगठन भी शामिल होंगे, जिन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी का बहिष्कार किया था।

सूत्रों का कहना है कि यह इफ्तार पार्टी राबड़ी देवी के सरकारी आवास के बजाय आरजेडी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के सरकारी आवास पर आयोजित की जा रही है। इस पार्टी में महागठबंधन के सभी नेताओं और रोजेदारों को निमंत्रण भेजा गया है।



**नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी का बहिष्कार**

गौरतलब है कि रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी का मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने बहिष्कार किया था। इमारत-ए-शरिया के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती सईदुर्रहमान ने ऐलान किया था कि उनकी संस्था और अन्य मुस्लिम संगठन इस पार्टी में शामिल नहीं होंगे। बहिष्कार करने वाले संगठनों में इमारत-ए-शरिया, जमात इस्लामी, जमात अहले हदीस, खान्काह मोजीबिया, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमियत उलेमा ए हिंद और खान्काह रहमानी शामिल थे। उनका विरोध केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल पर जदयू के समर्थन को लेकर था। यह अलग बात है कि संगठनों के विरोध के बावजूद अनेक रोजेदार इस इफ्तार पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे। यह इफ्तार पार्टी मुख्यमंत्री आवास में आयोजित की गई थी, जहां कैमरा और मोबाइल ले जाने पर पाबंदी थी।

**चिराग पासवान की इफ्तार पार्टी भी चर्चा में**

इसी बीच, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान की ओर से भी आज सोमवार शाम इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। यह पार्टी पटना स्थित एलजेपीआर कार्यालय में आयोजित होगी, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए के अन्य नेताओं को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने चिराग की इफ्तार पार्टी का भी बहिष्कार किया है।

**राजनीतिक समीकरणों पर नजर**

बिहार की राजनीति में इफ्तार पार्टियां केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि राजनीतिक समीकरण साधने का भी जरिया बन चुकी हैं। इस बार के इफ्तार आयोजनों से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि आगामी चुनावों से पहले मुस्लिम वोट बैंक को लेकर राजनीतिक दलों में घमासान तेज हो गया है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा का आरोप, सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने देने की मंशा बना ली

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध को लेकर कहा कि लगता है कि सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने देने की मंशा बना ली है। कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे को लेकर हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, ऐसा लगता है कि उन्होंने (सत्तापक्ष ने) मन बना लिया है कि सदन नहीं चले। अब कई दिन हो गए हैं और वे हंगामा खड़ा करने का कोई न कोई बहाना ढूंढ ही लेते हैं।'' कर्नाटक विधानसभा ने विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कड़े विरोध के बीच सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित किया। इस मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान पर सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध की स्थिति बनी रही।

## कर्नाटक विधानसभा में 'हनी-ट्रैप' पर हंगामा, बीजेपी ने सत्ताधारी पार्टी को घेरा

### – मंत्री राजन्ना के आरोपों ने कांग्रेस में गुटीय विवाद को गहरा दिया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने विधानसभा में तब हलचल मचा दी जब उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें ÷हनी-ट्रैप÷ का निशाना बनाया गया है, जिसने कई दलों के 47 अन्य लोगों को भी फंसाया है। यह दावा कर्नाटक की राजनीति को एक नई दिशा में मोड़ सकता है, जिससे सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी बीजेपी के बीच तनाव बढ़ गया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दो दिनों तक विधानसभा में हनी-ट्रैप का मुद्दा गरमाता रहा। इससे 18 बीजेपी विधायकों को निलंबित कर दिया गया था, जिन्होंने कांग्रेस सरकार से राजन्ना के आरोपों पर जवाब की मांग करते हुए हंगामा किया था। सीएम सिद्धारमैया और गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उच्च स्तरीय जांच का आश्वासन दिया था, लेकिन बीजेपी विधायकों ने सीडी लहराते हुए विरोध किया था। विपक्षी बीजेपी और सत्ताधारी कांग्रेस के बीच यह टकराव सामान्य दिख सकता है, लेकिन इसके पीछे कांग्रेस के भीतर गहरा सत्ता संघर्ष और बीजेपी द्वारा सत्ताधारी पार्टी में दरार डालने के प्रयास छिपे हैं। राजन्ना, सीएम सिद्धारमैया के कट्टर समर्थक हैं और उन्होंने बार-बार उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की खुलकर आलोचना की है, जो सीएम बनने की आकांक्षा रखते हैं। राजन्ना ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व से शिवकुमार के कई पदों पर होने पर भी सवाल उठाया है। राजन्ना ने यह आरोप उस समय लगाया जब खबरें आईं कि गृह मंत्री परमेश्वर, जो सीएम पद के भी आकांक्षी हैं, एक पुलिस अधिकारी के परिवार से जुड़े हैं, जिनकी सौतेली बेटी को सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया है।


राजन्ना का मानना है कि यह आरोप शिवकुमार के आंतरिक सर्कल द्वारा राजनीतिक रूप से उन्हें और अन्य को कमजोर करने के प्रयास को रोकने के लिए लगाए हैं। हालांकि, राजन्ना के आरोपों का समर्थन करने के लिए सार्वजनिक डोमेन में कोई स्पष्ट सबूत नहीं है। राजन्ना के आरोपों के पीछे शिवकुमार को निशाना बनाने का एक कारण यह है कि उपमुख्यमंत्री को 2021 में एक कथित हनी-ट्रैप घटना से जोड़ा गया था। जब तत्कालीन बीजेपी मंत्री रमेश जारकीहोली को रेप के आरोप के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। पुलिस जांच में रेप के आरोपों को खारिज कर दिया गया था, लेकिन एक हनी-ट्रैप गिरोह के अस्तित्व का संकेत मिला जिसने बीजेपी मंत्री को फंसाया था।

राजन्ना के आरोपों ने राज्य कांग्रेस में गुटीय विवाद को और तेज कर दिया है, जो शिवकुमार के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे अगले सीएम बनने के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। कर्नाटक की राजनीतिक भूचाल में बीजेपी ने भी जोरदार विरोध दर्ज कराते हुए, कांग्रेस में दरार डालने का प्रयास किया है। राजन्ना के बेटे ने भी सीएम से मुलाकात की, जिससे यह मुद्दा और गरमा गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सीएम सिद्धारमैया से मुलाकात की, जिससे आगामी दिनों में इस विवाद के और बढ़ने की संभावना है।

## सीएम उमर बोले- सबके साथ से ही मुमकिन होगा आतंक का खात्मा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घाटी के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि इलाके में आतंकवाद को खत्म करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कठुआ, बिलावर, राजौरी और पुंछ जैसे इलाकों में बढ़ती घटनाओं का जिक्र किया।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, कि जम्मू के कई इलाके, जैसे कठुआ और बिलावर, आतंकियों के निशाने पर हैं। यह सिर्फ इन जगहों तक सीमित नहीं है, बल्कि राजौरी और पुंछ में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कुछ लोग कोठियां बनाकर सरहद के पास आ सकते हैं, लेकिन अभी इस पर कोई पक्की जानकारी नहीं है। पहले देखना होगा कि वहां कोई संदिग्ध गतिविधि होती है या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि कठुआ के हालात अब स्थिर हैं, लेकिन जम्मू बेल्ट को लगातार टारगेट किया जा रहा है।




**जनता का सहयोग जरूरी**

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, यह सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि जनता का सहयोग भी बेहद जरूरी है। बिना लोगों के समर्थन के आतंकवाद का खात्मा मुमकिन नहीं। चुनी हुई सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि हालात नियंत्रण में रहें और जम्मू-कश्मीर में शांति बनी रहे। हम सब भी इसमें सहयोगी बनें।

**वक्फ संशोधन विधेयक पर प्रतिक्रिया**

सीएम उमर अब्दुल्ला ने वक्फ संशोधन विधेयक पर भी अपना पक्ष रखा और अलग-अलग इलाकों में लोगों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, एक ही समुदाय को टारगेट किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। हर धर्म के अपने धार्मिक एवं चैरिटेबल कार्य होते हैं, और मुसलमानों में यह वक्फ के जरिए अधिक होता है। केवल एक समुदाय को निशाना बनाना गलत है और इससे सामाजिक तनाव बढ़ सकता है।

## देश में गर्मी ने दर्ज करा दी आमद ! कुछ दिनों में पारा पहुंचेगा नई ऊंचाई पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले तीन से चार दिनों में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। उत्तर-पश्चिम भारत में यह वृद्धि 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकती है, जिससे गर्मी और भी ज्यादा बढ़ने की आशंका है।

मध्य भारत और आंतरिक महाराष्ट्र में अगले चार से पांच दिनों में तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। गुजरात में अगले तीन दिनों में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है, हालांकि उसके बाद इसमें गिरावट आने की संभावना है। गुजरात के तटीय क्षेत्रों में 25 मार्च तक गर्म और आर्द्र मौसम की स्थिति बनी रहेगी।

**डब्ल्यूएमओ की चेतावनी**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (एब्ल्यूएमओ) ने विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से पूर्व चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणालियां किसी विलासिता की चीज नहीं हैं, बल्कि वे आवश्यक निवेश हैं, जो कई गुना लाभ प्रदान करते हैं।

**जलवायु परिवर्तन का खतरा**

यहां बताते चलें कि वर्ष 2024 को अब तक का सबसे गर्म वर्ष घोषित किया गया है। महासागरों के बढ़ते तापमान और समुद्र के जलस्तर में वृद्धि से दीर्घकालिक प्रभाव हो सकते हैं। तेजी से बढ़ते उष्णकटिबंधीय चक्रवात, विनाशकारी वर्षा, तूफान, बाढ़, सूखा और जंगल की आग जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है।



# हल्के में ना लें छोटे बच्चों में सोशल एंग्जाइटी




12 से 36 महीने तक की आयु सीमा के दौरान एक बच्चे का भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास होने लगता है, जिसके कारण उनके सोशल स्किल्स भी डेवलप होते हैं। यह वह वक्त होता है, जब बच्चा घर से बाहर निकलता है। डेकेयर से लेकर प्ले स्कूल आदि में जाने लगते हैं। ऐसे में वह घर के सदस्यों के अतिरिक्त दूसरे बच्चों व व्यस्क लोगों से मिलते हैं। कभी-कभी इस अवस्था में बच्चे सोशल फीयर्स भी जन्म लेने लगते हैं। हो सकता है कि वह दूसरों के साथ सामाजिक संपर्क होने पर सहज महसूस ना करें। शुरूआती दिनों में नई जगह पर सेट होने में बच्चे थोड़ा समय लगता है, लेकिन अपरिचित लोगों को उसे घबराहट या एंग्जाइटी होती है तो ऐसे में जल्द से जल्द बच्चे की मदद करनी चाहिए, अन्यथा आगे चलकर उसे इस सोशल एंग्जाइटी के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं कि टॉडलरहुड में सोशल एंग्जाइटी को किस तरह दूर किया जाए- बच्चे की मदद करने से पहले आपको उनमें होने वाली सोशल एंग्जाइटी के कारणों के बारे में भी जानना चाहिए। वैसे अभी तक यह पूरी तरह क्लीयर नहीं है कि इतनी छोटी उम्र के बच्चों में सोशल एंग्जाइटी का वास्तविक कारण क्या है। हालांकि इसके लिए अधिकतर मामलों में जेनेटिक्स को कारण माना जाता है, क्योंकि यह एक बच्चे के स्वभाव और व्यक्तित्व में योगदान देता है। इसके अलावा, एक बच्चे का वातावरण भी उन्हें सोशल एंग्जाइटी का शिकार बना सकता है। मसलन, अगर घर में पहले से ही कोई बड़ा बच्चा इस तरह की समस्या से पीड़ित हो तो छोटा बच्चा भी उसे देखकर काफी कुछ सीख जाता है। वैसे एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि छोटे बच्चे अपनी मां से भी सोशल एंग्जाइटी बिहेवियर सीख सकते हैं। मां द्वारा अनजाने में ही अशाब्दिक संकेत बच्चे को यह सिखा सकते हैं कि अजनबी या अपरिचित व्यक्ति चिंता का एक स्रोत हैं।



## यूं करें मदद

अब सवाल यह उठता है कि इतनी कम उम्र के बच्चों की आप किस तरह मदद कर सकती हैं ताकि उनकी सोशल एंग्जाइटी को कम किया जा सके।

- सबसे पहले तो पैरेंट्स घर में हेल्दी सोशल इन्टरैक्शन करें। इससे बच्चा देखता और सीखता है कि बाहरी दुनिया व अजनबी लोगों से बहुत अधिक डरने की आवश्यकता नहीं है।
- बच्चे को नए लोगों से घुलने-मिलने का मौका दें और उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करें। लेकिन कभी भी उसके साथ जबरदस्ती ना करें। इससे बच्चे पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- अगर आपका बच्चा पहली बार बाहर जा रहा है तो ऐसे में पहले घर पर उसकी रिहर्सल करने से बच्चे के मन के डर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मसलन, अगर आप उन्हें डेकेयर या प्ले स्कूल ले जा रही हैं तो पहले घर पर रोल प्ले करें। इससे बच्चे को स्कूल के माहौल की काफी जानकारी पहले ही हो जाती है।
- बच्चे की सोशल एंग्जाइटी को कम करने के लिए पहले खुद को शांत रखें। इससे बच्चे को लगता है कि नई जगहों पर जाना या नए लोगों से मिलने-जुलने में कोई डर नहीं है।
- बच्चे को लेकर ओवर-प्रोटेक्टिव ना हों। इससे उनका आत्मविश्वास बूस्ट अप नहीं होता। जिसके कारण वह अपने मन के डर को दूर नहीं कर पाते।
- अगर किसी भी उपाय से आपको पर्याप्त रूप से लाभ ना हो तो ऐसे में आप प्रोफेशनल हेल्प भी ले सकते हैं।



# रसोई में रखी खाने की ये चीजें नहीं होती कभी खराब, लंबे समय तक कर सकते हैं स्टोर

**बाजार से खाने-पीने की चीजें खरीदकर घर लाते ही सबसे पहले लोग उसे खराब होने से बचाने के लिए स्टोर करने का सही तरीका खोजते और अपनाते हैं। खाने-पीने की चीजें अक्सर जल्दी खराब हो जाती हैं, यही वजह है कि लोग उसे जल्दी खाकर खत्म कर देते हैं। पर क्या आप जानते हैं आपकी किचन में मौजूद खाने पीने की कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें उनके पोषण तत्वों के साथ लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है। आइए जानते हैं किचन में मौजूद ऐसी ही कुछ खाने की चीजों के बारे में जिनकी नहीं होती कभी एक्सपायरी।**

## सफेद चावल

सफेद चावल को अनिश्चित काल तक स्टोर करके रखा जा सकता है। एक शोध की मानें तो सफेद चावल 30 वर्षों तक अपने पोषक तत्व और स्वाद को बनाए रख सकते हैं।

## सरसों के दाने

अगर आप अच्छे ब्रांड के सरसों दाने इस्तेमाल करते हैं तो खुला रहने के बावजूद आप इन्हें एक वर्ष से अधिक समय तक भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## ड्राई बीन्स

अध्ययन के अनुसार, बीन्स का सेवन व्यक्ति 30 साल बाद भी खाने के लिए कर सकता है। बीन्स आपातकालीन भोजन के लिए प्रोटीन से भरपूर भोजन का एक बेहतर विकल्प माना गया है। बीन्स को अच्छी तरह से एयर टाइट कंटेनर में लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।

## चीनी

लंबे समय तक स्टोर की जाने वाली चीजों में चीनी का भी नाम शामिल है। चीनी भी लंबे समय तक अपने पोषण से भरपूर गुणों को खोए बिना स्टोर की जा सकती है। इसके लिए आप चीनी को किसी एयरटाइट कंटेनर में बंद करके लंबे समय तक के लिए रखें।

## नमक

नमक को भी चीनी की ही तरह लंबे समय के लिए अपनी गुणवत्ता खोए बिना स्टोर किया जा सकता है। नमक को ठीक से स्टोर करने से न तो इसमें कभी गुलठियां पड़ती हैं और न ही कभी इसमें कीड़े लगते हैं।

# बैचलर पार्टी के लिए खुद को इस तरह करें रेडी


**फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि यह एक आसान तरीका है बैचलर पार्टी में खुद को तैयार करने का। इन दिनों बैचलर पार्टी में थीम पार्टी काफी चलन में हैं। मसलन, गर्ल्स की पजामा पार्टी आदि। ऐसे में पार्टी में शामिल होने वाली सभी लड़कियां नाइट सूट में नजर आ सकती हैं।**

वो जमाने लद गए, जब केवल पुरुष ही शादी से पहले बैचलर पार्टी किया करते थे। आज के दौर में लड़कियां भी बैचलर पार्टी करना पसंद करती हैं। जिसमें वह अपनी फ्रेंड्स के साथ मिलकर आखिरी बार अपने बैचलर हुड को एन्जॉय करती हैं। वैसे शादी से पहले की जाने वाली यह बैचलर पार्टी लड़कियों के लिए बेहद खास होती है और इसलिए वह इसकी काफी सारी तैयारियां भी करती हैं। इन सभी तैयारियों के बीच एक तैयारी यह भी होती है कि बैचलर पार्टी के लिए खुद को किस तरह रेडी किया जाए। तो चलिए आज हम आपको बैचलर पार्टी के लिए खुद को स्टाइल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि यह एक आसान तरीका है बैचलर पार्टी में खुद को तैयार करने का। इन दिनों बैचलर पार्टी में थीम पार्टी काफी चलन में हैं। मसलन, गर्ल्स की पजामा पार्टी आदि। ऐसे में पार्टी में शामिल होने वाली सभी लड़कियां नाइट सूट में नजर आ सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो कोई कलर कोड या डेस कोड को भी अपनी पार्टी का हिस्सा बना सकती हैं। इससे सिर्फ आपको ही रेडी होने में आसानी नहीं होगी, बल्कि हर गेस्ट खुद को आसानी से स्टाइल कर पाएगा। साथ ही इसमें आप सभी को काफी मजा भी आएगा।

## कंफर्ट को दें प्राथमिकता

बैचलर पार्टी वास्तव में ढेर सारी मौज-मस्ती करने के लिए होती है। इसलिए ऐसे में आप चाहे जो भी पहनें, लेकिन आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि उसमें आप खुद को कंफर्टेबल महसूस कर पाएं ताकि आप खुलकर एन्जॉय कर सके। जरा सोचिए कि अगर आपने बैचलर पार्टी के लिए हैवी लॉन्ग गाउन कैरी किया तो फिर आप पार्टी में खेले जाने वाले गेम्स को किस तरह एन्जॉय करेंगी। इसलिए आपका आउटफिट लाइटवेट और कंफर्टेबल होना चाहिए। फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, अपनी बैचलर पार्टी को रॉकिंग बनाने और उसमें अपने स्टाइल का जलवा बिखेरने के लिए आप अपने लुक में एक एक्स फैक्टर एड कर सकती हैं। अगर आपका कलर कोड या डेस कोड सेम नहीं है तो भी आप अपनी एसेसरीज को एक जैसा रखने की कोशिश करें। मसलन, आप किसी खास तरह के हेडबैंड या कैप्स आदि को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आप सभी फ्रेंड्स अलग-अलग दिखकर भी एक जैसी ही नजर आएंगी। यह देखने में काफी कूल लगेगा।









# गर्मियों में इन्वर्टर का ऐसे रखें ख्याल

गर्मी के मौसम में जब आधी रात को अचानक से बिजली गुल हो जाए और इन्वर्टर भी खराब हो तो मानों कोई बहुत बड़ी विपदा आन पड़ी हो। ऐसी मुसीबत से लगभग हर कोई बचना चाहेगा। गर्मियों के मौसम में जगह-जगह घंटों तक बिजली का गुल होना आजकल आम बात है। कुछ शहरों में तो पूरे दिन बिजली का अता-पता नहीं रहता। ऐसे समय में लगभग सभी घर में इन्वर्टर का महत्व बहुत अधिक हो जाता है। लेकिन, कई बार इन्वर्टर और बैटरी खराब होने की वजह से गर्मी के मौसम में जान निकल जाती है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में इन्वर्टर की बैटरी का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। अगर आप भी घर में इन्वर्टर का इस्तेमाल करती हैं तो आपको भी इस आर्टिकल को जरूर पढ़ना चाहिए। क्योंकि, इस लेख में हम आपको कुछ शानदार टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें फॉलो करके गर्मियों के मौसम में इन्वर्टर की बैटरी को जल्दी खराब होने से आप बचा सकती हैं।

## अधिक लोड न दें

अगर आपको इन्वर्टर और बैटरी को जल्दी खराब होने से बचाना है तो फिर आपको बैटरी पर अधिक लोड देने से बचना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जरूरत से अधिक लाइट्स जलाने या पंखा चलाने से बचें। कई बार घर में लाइट नहीं होने पर महिलाएं इन्वर्टर से ही मिक्सी चलाने लगती हैं या फिर कई बार आयरन भी इन्वर्टर से ही करती हैं जिससे बैटरी जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में अगर आपको इन्वर्टर की बैटरी की हेल्थ को सही रखनी है तो उस पर अधिक लोड न दें। दिन में आप सभी लाइट्स को ऑफ कर सकती हैं।

## एसिड लेवल चेक करते रहें

गर्मियों के मौसम में इन्वर्टर की बैटरी जल्दी खराब न हो इसके लिए समय-समय पर एसिड लेवल चेक करते रहना बहुत जरूरी है। कहा जाता है कि अगर बैटरी में एसिड लेवल सामन्य स्तर से कम है तो बैटरी में मौजूद कार्बन प्लेस्ट पर बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से बैटरी जल्दी खराब हो सकती है। (सोलर इन्वर्टर की देखभाल) ऐसे में समय-समय पर बैटरी में डिस्टिल्ड वाटर को डालते रहना चाहिए, जिससे बैटरी की लॉन्ग लाइफ बरकरार रहे।

## फुल चार्ज होने के बाद करें इस्तेमाल

लाइट नहीं होने पर इन्वर्टर का इस्तेमाल करते हैं और जब बैटरी एकदम से बैठ जाती है तो उसे फुल चार्ज होने में लगभग 5-6 घंटा लगता है। अगर फुल चार्ज होने से पहले ही इन्वर्टर की बैटरी का इस्तेमाल करते हैं तो बैटरी जल्दी खराब हो सकती है। कई बार फुल चार्ज नहीं होने पर वोल्टेज का प्रभाव भी कम रहता है। कई बार लाइट्स भी अप एंड डाउन होने लगती हैं। ऐसे में एक बार बैटरी बैठने के बाद जब तक फुल चार्ज नहीं हो जाए तब तक इन्वर्टर का इस्तेमाल न करें।

## कनेक्शन पॉइंट की करें सफाई

आपको बता दें कि बैटरी में जिस जगह लाइट की तार जुड़ी होती है उस जगह कई बार कार्बन पकड़ लेता है जिससे बिजली का प्रभाव बहुत कम हो जाता है। ऐसे में सबसे पहले स्विच ऑफ करके कनेक्शन पॉइंट की सफाई कर लें। इस प्रक्रिया को महीने में एक से दो बार जरूर करें। इससे बैटरी जल्दी खराब होने से बच सकती है। कई लोग कनेक्शन पॉइंट को टर्मिनल पॉइंट भी बोलते हैं।

इन बातों का भी रखें ध्यान

- इन्वर्टर की बैटरी को किसी नमी वाली जगह रखने से बचें।
- बैटरी को दीवार, दरवाजा आदि चीजों से एक से दो इंच दूर ही रखें।
- अगर आपको सफाई करने या फिर एसिड बदलने में डर लगता है तो आप किसी एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।
- बैटरी को किसी भी चीज से ढककर न रखें।

# शुभ है वास्तु के अनुसार बोनसाई रखना

**समय के साथ लाइफस्टाइल में भी काफी बदलाव आ रहे हैं। कई लोग नेचर में सुकून ढूंढते हैं इसके लिए लोग घरों में पेड़ पौधें लगाने लगे हैं। इन दिनों बोनसाई के पेड़ काफी टेंडिंग में चल रहे हैं। लोग इस छोटे से पेड़ को अपने घर में रखना पसंद कर रहे हैं। कोई अपने शौक के लिए इसे रख रहा है तो कोई प्रकृति प्रेमी होनी की वजह से। लेकिन वास्तु के अनुसार इस पेड़ को रखना शुभ माना गया है। तो आइए जानते हैं कारण -**

- कहते हैं अगर आपको बहुत गुस्सा आता है या आप फ्रस्टेट हो जाते हैं तो इससे आपको बहुत शांति मिलती है। जी हां, इसे घर में रखने से आपका मन शांत रहेगा और आपको प्रोडक्टिव रहने में भी मदद करेगा।
- बोनसाई के पौधे घर की हवा को प्यूरीफाई करते हैं। यह घर की हवा में मौजूद टॉक्सिन को बाहर करते हैं। इससे सांस लेने में आसानी होती है और हवा को शुद्ध करता है।
- इस पेड़ को घर में रखने से आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। कई बीमारियों से आपको दूर रखता है। इतना ही नहीं यह आपके अंदर सकारात्मकता बढ़ाता है।
- कई बार लोग हड़बड़ी में कोई काम करके या निर्णय लेकर पछताते हैं। ऐसे में बोनसाई पेड़ आपकी मदद करेगा ह आपको धैर्यवान, तनाव मुक्त रखेगा।





# कुछ हल्का खाने का मन हो तो बनाएं कॉर्न पुलाव

कॉर्न पुलाव बनाना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप पहले एक कुकर लें और उसमें एक बड़ा चम्मच तेल डालकर गर्म करें। अब इसमें लौंग, काली मिर्च, दालचीनी, हरी इलायची डालकर एक मिनट के लिए चलाएं। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का भूनें।

रविवार का दिन हो तो कुछ हल्का और टेस्टी खाने का मन करता ही है। दरअसल, छुट्टी के दिन हम सभी रिलैक्सिंग मूड में होते हैं और इसलिए किचन में बहुत अधिक वक्त बिताने का मन नहीं करता। हो सकता है कि आप भी यही सोच रही हों कि इस संडे क्या बनाया जाए। अगर आप भी कुछ हल्का और डिलिशियस खाना चाहती हैं तो कॉर्न पुलाव तैयार कर सकती हैं। चावल की मदद से बनने वाली यह डिश बनाने में जितनी आसान होती है, खाने में उतनी ही लाजवाब होती है। तो चलिए जानते हैं कि कॉर्न पुलाव बनाने के लिए आपको क्या करना होगा-

**सामग्री**- तीन चौथाई कप मकई के दाने उबले हुए, डेढ़ कप चावल करीबन आधे घंटे तक भिगोए हुए, 1 बड़ा चम्मच तेल, काली मिर्च 5-6, लौंग 4-5, दालचीनी एक छोटा टुकड़ा, हरी इलायची 3-4, 1 बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, प्याज 1 मध्यम कटा हुआ, नमक स्वाद अनुसार, हल्दी पाउडर, हरी मिर्च तिरछी कटी हुई

**विधि**- कॉर्न पुलाव बनाना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप पहले एक कुकर लें और उसमें एक बड़ा चम्मच तेल डालकर गर्म करें। अब इसमें लौंग, काली मिर्च, दालचीनी, हरी इलायची डालकर एक मिनट के लिए चलाएं। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का भूनें। अब इसमें प्याज, हरी मिर्च व हल्दी डालकर चलाएं। प्याज गोल्डन कलर के हो जाने के बाद इसमें चावल डालें और करीबन दो मिनट के लिए हिलाएं। अब इसमें पानी और कॉर्न डालें। साथ ही स्वादानुसार नमक डालकर मिक्स करें। लिड लगाकर कुकर का ढक्कन बंद कर दें। धीमी आंच पर दो सीटी आने तक इसे पकाएं। कॉर्न पुलाव बनाने वालों का कहना है कि इसे कई तरीकों से बनाया जा सकता है। मसलन, आप इसमें कॉर्न के अलावा अपनी पसंद की सब्जी जैसे मटर, टमाटर, शिमलामिर्च, पनीर आदि को भी मिक्स करके इस कॉर्न पुलाव को और भी ज्यादा हेल्दी और टेस्टी बना सकते हैं। वैसे सिर्फ कॉर्न व प्याज के साथ भी इसका टेस्ट गजब का आता है।

# आईपीएल में आज होगा पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। इस बार श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगी जबकि गुजरात टाइटंस की कमान शुभमन गिल के पास रहेगी। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में पिछली बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जिससे उनका हौंसला बुलंद रहेगा। अब उनका लक्ष्य पंजाब का जीत दिलाना रहेगा। पंजाब का प्रदर्शन पिछले आईपीएल में अच्छा नहीं रहा था। पंजाब टीम आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि उसने 2014 में फाइनल में उसे जगह मिली थी पर पिछले चार साल में टीम शीर्ष पांच में नहीं पहुंच पायी थी। इस बार उसे अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से काफी उम्मीदें हैं। पंजाब की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। टीम के पास अजमतुल्लाह उमरजई, स्टोइनिस, मार्को जानसेन, शशांक सिंह और मुशीर खान जैसे ऑलराउंडर हैं। तेज गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह के पास रहेगी। इसके अलावा टीम के पास लॉकी फर्ग्यूसन, कुलदीप सेन और यश ठाकुर जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन की कमान युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार के पास रहेगी।

वहीं दूसरी ओर गुजरात टीम ने पहली बार हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता था और दूसरी बार उपविजेता रही थी पर हार्दिक के मुम्बई इंडियंस जाने से पिछले सत्र में शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया था। शुभमन हालांकि टीम को सफलता नहीं दिला पाये और वह आठवें स्थान पर रही पर माना जा रहा है कि हाल में भारतीय एकदिवसीय टीम की उपकप्तानी मिलने के बाद से ही उनकी नेतृत्व क्षमता बेहतर हुई है।




गुजरात के पास शुभमन और इंग्लैंड के जोस बटलर जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं मध्यक्रम में उसके पास शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन और मसूद शाहरुख खान रहेंगे। टीम के पास राशिद खान, राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और महिपाल लोमरोर जैसे ऑलराउंडर भी हैं।

दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास मोहम्मद सिराज जैसा खिलाड़ी है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी और अनुभवी इशांत शर्मा जैसे गेंदबाज हैं। स्पिनर के तौर पर टीम के पास राशिद खान हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएत्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा। साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर

# एकदिवसीय प्रारुप में गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं बचा: मोईन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। '' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने का विकल्प उपलब्ध रहता है।'' मोईन ने कहा कि जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी क्रिकेट मोटी रकम देकर लुभा रहा है उससे अधिक से अधिक खिलाड़ी अब संन्यास लेकर इस प्रारुप में खेलते दिखेंगे।

# बीसीसीआई ने 16 महिला खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की




**स्पोर्ट्स डेस्क ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 सत्र के लिए 16 खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची की घोषणा की है। बीसीसीआई ने 2024-25 सत्र के लिए भारतीय महिला टीम के लिए रिटेनरशिप की घोषणा की है जो 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक की अवधि को कवर करेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को लगातार प्रदर्शन की बदौलत ग्रेड ए में रखा गया है।

रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा सभी को ग्रेड बी में बरकरार रखा गया है जबकि यास्तिका भाटिया, राधा यादव, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर 2022/23 सीज़न से केंद्रीय अनुबंध सूची में ग्रेड सी में शामिल हो गए हैं। ग्रेड बी से राजेश्वरी गायकवाड़, मेघना सिंह, देविका वैद्य, सब्बीनेनी मेघना, अंजलि सरवानी और हरलीन देयोल के साथ जो ग्रेड सी में थीं, चूक गईं। श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर और उमा छेत्री ने रिटेनरशिप में जगह बनाई है।

भारत अब श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली वनडे त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका में भिड़ेगा। आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 की उपविजेता टीम महिला विश्व कप 2025 के लिए भी तैयारी कर रही है जिसका आयोजन इस साल के अंत में घरेलू धरती पर किया जाना है।

**सूची**


**ग्रेड ए :** हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा

ग्रेड बी : रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, शैफाली वर्मा

ग्रेड सी : यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर

# आईपीएल के अपने पहले ही मैच में छाया ऑटो चालाक का बेटा

**चेन्नई (एजेंसी)।** केरल के युवा स्पिनर विग्नेश पुथुर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने डेब्यू मैच में ही शानदार प्रदर्शन कर तीन विकेट लिए हैं। ऑटो चालक के बेटे विग्नेश को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के अपनी शुरुआती में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतारा था। इस कलाई के स्पिनर को बल्लेबाज रोहित शर्मा की जगह पर उतारा गया। रोहित बल्लेबाजी में असफल रहे थे। ऐसे में गेंदबाजी में उनकी जगह विग्नेश को उतारा गया। विग्नेश का डेब्यू अच्छा रहा। उन्होंने आईपीएल के अपने पहले मैच में ही तीन विकेट लिए। पुथुर ने हालांकि घेरेलू क्रिकेट में अबतक सीनियर स्तर पर कोई भी घरेलू मुकाबला नहीं खेला था।



विग्नेश को ने आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाया। इसे बाद इस युवा गेंदबाजा ने अपने पहले ही ओवर में सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को पेवेलियन भेज दिया। वहीं अपने दूसरे ओवर में शिवम दुबे को आउट किया। इसके बाद उन्होंने दीपक हुड्डा का विकेट लिया।

विग्नेश के पिता ऑटो चलाते हैं। इस युवा स्पिनर ने केरल के लिए अंडर-14 और अंडर-19 स्तर पर खेला है। पुथुर ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में भी जॉली रोवर्स क्रिकेट क्लब के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद केसीएल टी20 टूर्नामेंट के लिए जगह बनाई। इसके बाद नवंबर 2024 में आईपीएल मेगा नीलामी में मुबई इंडियंस ने उन्हें अपने साथ शामिल किया। विग्नेश ने अपने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। मुम्बई को हालांकि इस मैच में सीएसके से हार का सामना करना पड़ा ।

# आईपीएल अंक तालिका में आरसीबी दूसरे नंबर पर खिसकी, सनराइजर्स शीर्ष पर पहुंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी (आईपीएल) अंकतालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे नंबर पर खिसक गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद नंबर एक पर पहुंच गयी है। आरसीबी ने लीग में पहला मैच जीतकर नंबर एक स्थान हासिल किया था पर कुछ समय में ही वह नीचे फिसल गयी। सनराइजर्स ने अपने पहले ही मैच में रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाकर जीत हासिल कर ली।

सनराइजर्स का नेट रन रेट आरसीबी से कहीं अच्छा है जिसका लाभ उसे मिला है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में जीत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। आठवें नंबर पर मुंबई इंडियंस है, जबकि नौवें पायदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है जिन्हें आरसीबी से ने हराया था। राजस्थान रॉयल्स अंतिम स्थान पर है। ये अभी आईपीएल के 18 सत्र की शुरुआत है। ऐसे में अभी अंकतालिका में कई बदलाव होने हैं क्योंकि अभी तक चार टीमों ने अपना एक भी मुकाबला नहीं खेला है। जब सभी टीमें कम से कम एक-एक मैच खेल लेंगी तो फिर अंकतालिका में कुछ बदलाव आयेगा।




# निकहत जरीन मई से रिंग में वापसी करेंगी

नई दिल्ली ।भारत की महिला मुक्केबाज निकहत जरीन मई में खेल में वापसी करेंगी। निकहत घुटने की चोट के कारण पिछल काफी समय से रिंग से दूर थीं।विश्व चैंपियन रही निकहत का कहना है कि अब वह चोटों से मुक्त हैं।हाल ही में 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में मुक्केबाजी को शामिल किए जाने से ही अब उनका लक्ष्य उसमें पदक जीतना है। निकहत ने यहां महिला मुक्केबाजी के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, मुझे हल्की सी चोट लगी थी। जिसके लिए तीन-चार महीने के रिहैबिलिटेशन की जरूरत थी। अब सबकुछ ठीक है।मेरा मुख्य ध्यान अब विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप पर रहेगा जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है।पेरिस ओलंपिक में जरीन शुरुआत में ही बाहर हो गयीं थी हालांकि अब वह उसे भूलकर आगे के मुकाबलों पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दे रही हैं।



# आईपीएल में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने क्लासेन



हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं।क्लासेन ने 594 गेंदों पर अपने 1000 रन पूरे किये।क्लासेन ने इस प्रकार वीरेंद्र सहवाग, ग्लेन मैक्सवेल और यूसुफ पठान को भी पीछे छोड़ दिया है। वह केवल कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल से पीछे हैं, रसेल ने 545 गेंदों में ही 1000 रन बनाये थे।क्लासेन के शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से सनराइजर्स को 18 वें सत्र के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स पर आसान जीत मिली।इस आक्रामक बल्लेबाज ने आईपीएल में अब तक 28 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 44.14 की औसत और 173.92 की स्ट्राइक रेट से अपने 1000 रन बनाए हैं।इस दौरान उन्होंने एक शतक और छह अर्धशतक लगाये हैं।सहवाग ने 1000 आईपीएल तक पहुंचने 604 गेंदें खेली थीं जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 610 गेंदें खेलीं थीं।

# धोनी की स्टंपिंग देख पूर्व क्रिकेटर ने की तारीफ, वह अब भी बेहतरीन हैं

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की चुस्त स्टंपिंग को लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनकी तारीफ की हैं। धोनी भले ही 43 साल के हो गए हो लेकिन विकेट के पीछे वह विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन देखने योग्य है।

धोनी ने रविवार को आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच में नूर अहमद की गेंद पर जिस तरह से सूर्यकुमार यादव की स्टंपिंग की वह काबिलेतारीफ थी इसके लेकर पूर्व सीएसके टीममेट मैथ्यू हेडन फिर से उनके मुरीद हो गए। यह गुगली गेंद सूर्यकुमार के बाहरी किनारे को बीट करते हुए धोनी के दस्ताने में ज्यों पहुंची वैसे ही धोनी ने गिल्लियों को उड़ाने में सेकंड के आठवें हिस्से से भी कम का समय (0.12 सेकंड) लिया।



इस गेंद पर सूर्यकुमार 29 रनों पर आउट हुए थे और 51 रनों की साझेदारी टूटी थी इसी के साथ सीएसके मैच में वापसी कर ली थी। हेडन ने टी20 टाइमआउट शो में कहा कि धोनी आज बेहतरीन थे। ऐसी गेंदों को कलेक्ट करना भी थोड़ा कठिन होता है क्योंकि गेंद के एंगल में बल्लेबाज भी आ जाता है। लेकिन उन्होंने स्टंपिंग में फुर्ती की तेजी दिखाई। वह अब भी बेहतरीन हैं। सीएसके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि धोनी कठिन कीपिंग का अभ्यास करते हैं। वहीं सीएसके टीममेट रहे पीयूष चावला ने कहा कि इस सत्र के पहले उन्होंने शायद नूर के खिलाफ कीपिंग का अभ्यास किया होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपने किसी गेंदबाज के खिलाफ पहले कीपिंग का अभ्यास नहीं किया हो तो यह कठिन होता है। मुझे लगता है कि उन्होंने सीजन के पहले नूर के खिलाफ कीपिंग का अभ्यास किया होगा। वह नए गेंदबाजो के खिलाफ अक्सर ऐसा करते हैं। हालांकि मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ था क्योंकि मैं उनके खिलाफ पहले भी गेंदबाजी कर चुका था। हालांकि नए और विशेषकर कलाइयों के स्पिनरों के खिलाफ वह ऐसा करते हैं। वह 10-12 गेंद ही ऐसा अभ्यास करके गेंदबाज की रिस्ट पोजिशन को समझ लेते है।

# तमीम इकबाल को मैच के दौरान पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल ले जाया गया

स्पोर्ट्स डेस्क ।बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार सुबह ढाका प्रीमियर लीग के दौरान छाती में दर्द होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक तमीम को दिल का दौड़ा पड़ा था।यह घटना पहली पारी के दौरान टॉस के तुरंत बाद हुई। वह सावर में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच खेल रहे थे। शुरुआत में उन्हें हेलीकॉप्टर से ढाका ले जाने की व्यवस्था की गई, लेकिन रास्ते में सीने में तेज दर्द की वजह से उन्हें इलाज के लिए फजीलतुन्नेस अस्पताल ले जाया गया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मुख्य चिकित्सक डॉ. देबाशीष चौधरी ने कहा, 'स्थानीय अस्पताल में उनकी शुरुआती जांच की गई, जहां दिल की हल्की समस्या होने का संदेह था।उन्हें ढाका ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन हेलीपैड के रास्ते में उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ और उन्हें वापस ले जाना पड़ा।बाद में मेडिकल रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि उन्हें दिल का बड़ा दौरा पड़ा था।' चौधरी ने कहा, 'यह हम सभी के लिए मुश्किल समय है।वह फिलहाल निगरानी में है और मेडिकल टीम उसके ठीक होने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है।'



# डेल स्टेन ने की बड़ी भविष्याणी, बताया इस दिन बनेंगे आईपीएल में पहली बार 300 रन

**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डेल स्टेन ने हैरतअंगेज भविष्यवाणी कर डाली है। दरअसल, उन्होंने वह तारीख बता दी है जिस दिन आईपीएल 2025 में पहली बार 300 रन का आंकड़ा पार होगा। बता दें कि, आईपीएल 2025 के दूसरे ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 286 रन बना डाले थे। अभी तक कई टीम आईपीएल में 250 से ज्यादा रन बना चुकी हैं। लेकिन 300 का आंकड़ा किसी ने पार नहीं किय है। अब डेल स्टेन का कहना है कि 17 अप्रैल को आईपीएल में पहली बार एक पार में 300 रन बनेंगे।

डेल स्टेन ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बताया कि, मेरी एक छोटी सी भविष्यवाणी है। 17 अप्रैल को आईपीएल इतिहास में पहली बार 300 रन बनेंगे। कौन जानता है क्या पता जब ये हो रहा होगा तब मैं भी ये मैच देखने के लिए वहां मौजूद रहूं। डेल स्टेन जाहिर तौर पर सनराइजर्स हैदराबाद की सीजन में आक्रामक शुरुआत से प्रभावित हुए हैं। स्टेन जो खुद 2013-2015 तक हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं।

स्टेन ने खास तौर से 17 तारीख को इस रिकॉर्ड के लिए चुना है। उस दिन आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस का मैच खेला जाएगा। ये भिड़ंत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगी। बता दें कि, जब हैदराबाद और मुंबई पिछले सीजन आमने-सामने आए थे, तब मुंबई ने 277 रन बना डाले थे। जिसके जवाब में मुंबई ने भी 246 रन बनाए थे लेकिन 31 रन से मैच गंवा बैठी थी।




# उरुग्वे और ब्राजील मैच के खिलाफ विश्वकप क्वालीफायर से बाहर रहेंगे मेसी : फुटबॉल संघ

बार्सिलोना ।अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने कहा है कि चोटिल होने के कारण स्टार फुटबॉलर लियोनन मेसी उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले नहीं खेल पायेंगे।फुटबॉल संघ के अनुसार मेसी को फिट नहीं होने के कारा 26 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, मेसी कोकी बाईं जांघ में खिंचाव है।जिसके कारण वह मंगलवार को ब्राजील और शुक्रवार को उरुग्वे के मैच से भी बाहर रहेंगे।मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने क्वालीफायर के लिए पाउलो डिबाला, जियोवानी लो सेल्सो और गोंजालो मोंटीएल को भी टीम में जगह नहीं दी है।अर्जेंटीना इस ने अभी तक 12 मैचों में 25 अंक हासिल किये हैं।वह 10 टीमों वाली दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।वहीं उरुग्वे 20 अंकों के साथ ही दूसरे स्थान पर है।



**क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर :एमिलियानो मार्टिनेज, जेरोनिमो रुली, वाल्टर बेनिटेज़।

डिफेंडर: नाहुएल मोलिना, क्रिस्टियन रोमेरो, जर्मन पेज़ेला, लियोनार्डो बालेरदी, जुआन फोइथ, निकोलस ओटामेंडी,. फाकुंडो मेडिना, निकोलस टाग्लियाफिको।

मिडफील्डर: लिआंद्रो पारेडेस, एंज़ो फर्नांडीज़, रोड्रिगो डी पॉल, एक्सेकिएल पालासिओस, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, माक्सिमो पेरोने, जुलियानो सिमेओने, बेंजामिन डोमिंगुएज़, थियागो आल्माडा।

फॉरवर्ड: निकोलस गोंज़ालेज़, निकोलस पाज़, जूलियन अल्वारेज़, लाउतारो मार्टिनेज, सेंटियागो कास्त्रो

# प्रासंगिक बने रहने के लिए मुझे भी खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालना होगा: धोनी

**चेन्नई (एजेंसी)।** करिश्माई क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी सौंपने के बावजूद पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढलने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चेन्नई की रविवार की रात को खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट से जीत के बाद जियोस्टार से बात करते हुए धोनी ने गायकवाड़ के नेतृत्व, अपनी फॉर्म और मौजूदा लीग में की जा रही क्षेत्रीय कमेंट्री के बारे में भी बात की।

धोनी ने कहा, 'बल्लेबाज अब जोखिम लेने को तैयार हैं। अब बल्लेबाजों का मानना है कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ वे बड़े स्ट्रोक खेल सकते हैं और साथ ही वे अपने शॉट चयन में सुधार कर रहे हैं फिर चाहे वह तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्कूप हो, स्वीप हो या तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप हो। मैं उनसे अलग नहीं हूं। मुझे भी खुद को ढलना होगा। जहां मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं, वहां मेरे लिए यही जरूरी है। आपको कोशिश करनी होगी और प्रासंगिक बने रहना होगा।'

धोनी ने कहा, 'हमने जिस तरह से 2008 में टी20 खेला था और जिस तरह से हम पिछले साल आईपीएल में खेले उसमें बहुत अंतर था। पहले विकेट काफी टर्न लेते थे लेकिन अब भारत के विकेट पहले की तुलना में काफी बेहतर बन गए हैं। यह बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल है।'


चेन्नई ने धोनी के कप्तान रहते हुए पांच आईपीएल खिताब जीते, लेकिन उन्होंने 2024 के सत्र से पहले गायकवाड को कमान सौंप दी थी। धोनी ने कहा कि हालांकि वह गायकवाड़ के साथ चर्चा करते हैं, लेकिन वह उन पर अपनी सलाह नहीं थोपते हैं। उन्होंने कहा, 'रुतुराज काफी समय से हमारी टीम का हिस्सा हैं। उनका स्वभाव बहुत अच्छा है, वह बहुत शांत हैं, बहुत धैर्यवान हैं। इसलिए हमने उन्हें कप्तान के रूप में चुना।'

धोनी ने कहा, 'मुझे याद है कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मैंने उनसे यह भी कहा था, अगर मैं आपको सलाह देता हूं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको इसका पालन करना होगा। मैं जितना संभव हो सके दूर रहने की कोशिश करूंगा। बहुत से लोगों को लगा कि मैं पर्दे के पीछे से फैसले कर रहा था। लेकिन सच तो यह है कि वह 99 फीसदी फैसले ले रहे थे।'

एक अन्य खिलाड़ी जिसके साथ धोनी का गहरा रिश्ता है, वह हैं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली। धोनी ने कहा कि उनका रिश्ता पिछले कुछ वर्षों में दोस्ती में बदल गया है। उन्होंने कहा, 'यह रिश्ता पहले एक कप्तान और एक युवा खिलाड़ी के बीच था लेकिन समय के साथ हम बहुत अच्छे दोस्त बन गए। अब हम दोनों कप्तान नहीं हैं और इसलिए हमें मैच से पहले बात करने का अधिक समय मिलता है।'

धोनी ने आईपीएल की क्षेत्रीय भाषाओं में कमेंट्री के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत अधिक क्षेत्रीय कमेंट्री नहीं सुनी है, लेकिन मुझे पता है कि बिहारी (भोजपुरी) कमेंट्री में बहुत अधिक जोश होता है। यह मुझे स्कूल के दिनों की रेडियो कमेंट्री की याद दिलाती है, जहां कमेंटेटर पूरी तरह से खेल में डूब जाते थे। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगता है।'






# दो भागो में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की किंगडम? निर्माता नागा वामसी ने बताया सच

विजय देवरकोंडा अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म किंगडम रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ गया। अब यह फिल्म एक और वजह से चर्चा में बनी हुई है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि किंगडम को दो भागों में बनाया जाएगा, लेकिन अब फिल्म के निर्माता नामा वामसी ने आखिरकार इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

### फिल्म को लेकर बोले नागा वामसी

नामा वामसी ने इन खबरों की पुष्टि करते हुए कहा है कि फिल्म के दो भागों में आने की संभावना है। हाल ही में फिल्म निर्माता की आगामी तेलुगु फिल्म मैड स्क्वायर के प्रचार के दौरान नागा वामसी ने रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, हमने कहानी को केवल दो-भाग की फ्रेंचाइजी बनाने के लिए नहीं बढ़ाया। फिल्म में दो भागों में रिलीज होने की गुंजाइश और पैमाना है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

उन्होंने आगे कहा कि किंगडम स्क्रीनप्ले, लॉजिक, भव्यता और एक्शन के मामले में सभी कसौटियों पर खरा उतरता है। सीक्वल का शीर्षक, चाहे वह किंगडम स्क्वायर हो या किंगडम पार्ट 2, पहले भाग के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन और रेंज के आधार पर चुना जाएगा। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस साल 30 मई को रिलीज होने वाली है। इसमें भाग्यश्री बोरसे और सत्यदेव जैसे सितारे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### किंगडम का एआई-जनरेटेड वीडियो

मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीत तैयार किया। नवीन नूली ने संपादन विभाग संभाला और यानिक बेन, चेतन डिसूजा और रियल सतीश ने स्टंट कोरियोग्राफर के रूप में काम किया। हाल ही में, विजय देवरकोंडा अभिनीत इस फिल्म ने अपने संगीत के लिए पूरी तरह से एआई डिजाइन किए गए वीडियो का उपयोग करने वाली पहली फिल्म के रूप में इतिहास बनाया। निर्माताओं ने किंगडम का एक पूरी तरह से एआई-जनरेटेड थीमैटिक वीडियो जारी किया, जिसे प्रशंसकों और प्रशंसकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।



# कीर्ति सुरेश के हाथ लगी नई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म!

## नए अवतार में नजर आएंगी

**कीर्ति सुरेश ने वरुण धवन के साथ बेबी जॉन से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, अब अभिनेत्री की नई फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि वह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।**

### नए अवतार में नजर आएंगी अभिनेत्री

हालांकि कीर्ति की नई फिल्म पर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री को एक अनटाइटल्ड रोमांटिक-कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए संपर्क किया गया है। फिल्मफेयर के अनुसार, फिल्म के निर्माता कीर्ति सुरेश के साथ काम करने के इच्छुक हैं। अगर बातचीत सफल होती है तो फिल्म में एक नए अवतार में नजर आएंगी। अभिनेत्री एक ऐसे किरदार में नजर आएंगी जो मजेदार और मनोरंजक है।

### कलाकारों के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई

निर्माता फिलहाल शीर्षक, कहानी और कलाकारों के नामों को गुप्त रख रहे हैं। कीर्ति के पास दो रोमांचक तमिल प्रोजेक्ट भी हैं- रिवॉल्वर रीटा और कन्निवेदी। बेबी जॉन की बात करें तो यह इंस्पेक्टर सत्या वर्मा (वरुण धवन) की कहानी है, जिसे बेबी जॉन के नाम से जाना जाता है। सत्या अपनी बेटी खुशी (जारा ज्याना) और अपने पुराने दोस्त राम सेवक (राजपाल यादव) के साथ केरल में एक शांतिपूर्ण जीवन जीता है। हालांकि, उसकी शांत जिंदगी में तब बदलाव आता है जब खुशी की शिक्षिका, जिसका किरदार वामिका गब्बी ने निभाया है, एक उग्र और निर्दयी इंस्पेक्टर के रूप में उसकी छिपी हुई पहचान को उजागर करती है।

### फिल्म की कहानी

यह कहानी दर्शकों को छह साल पहले ले जाती है, बेबी जॉन शादीशुदा था और बाबर शेर (जैकी श्रॉफ) के खिलाफ लड़ रहा था, जो युवा महिलाओं का शोषण करने वाला एक शक्तिशाली व्यक्ति है। कहानी तब शुरू होती है, जब बेबी जॉन अपनी पत्नी मीरा (कीर्ति सुरेश) के लिए न्याय चाहता है और शोषण और भ्रष्टाचार से लड़ने की यात्रा पर निकलता है।

# विक्रम भट्ट ने बताया क्यों बनाते हैं हॉरर फिल्में?


हाल ही में निर्देशक विक्रम भट्ट अपनी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' के प्रमोशन के लिए कॉमेडियन भारती सिंह के पॉडकास्ट में नजर आए। यहां उन्होंने अपने आने वाली फिल्म को लेकर बात की। साथ ही अपनी हॉरर जॉनर की फिल्मों को लेकर भी बात की। इनको बनाने का असल मकसद भी बता दिया। निर्देशक विक्रम भट्ट भारती सिंह के पॉडकास्ट में बताते हैं कि वह भूतों में पूरी तरह से विश्वास करते हैं। वह कहते हैं, 'भगवान हैं, इस बात को साबित करने के लिए फिल्मों में भूतों को दिखाता हूं। मेरी हॉरर फिल्में कभी भी भूतों पर नहीं थीं, वह ईश्वर को साबित करने के बारे में हैं। अगर हम लोग गीता में विश्वास रखते हैं, आत्मा में भरोसा करते हैं तो हमें पता होना चाहिए कि आत्मा भी अच्छी या बुरी हो सकती है।'

### जब भूतों से जुड़ा अनुभव हुआ

आगे पॉडकास्ट में विक्रम भट्ट कहते हैं, 'जैसा हम फिल्मों में दिखाते हैं, वैसे भूत नहीं होते हैं। वह बिल्कुल सामान्य नजर आते हैं लेकिन आपको अहसास हो जाता है कि ये व्यक्ति कुछ अलग है। आप उसके आसपास से तुरंत दूर हो जाना चाहते हैं। मुझे भी भूतों का अनुभव हुआ।'

### 'गुलाम' के बाद अब बनाई ड्रामा फिल्म

फिल्म 'तुमको मेरी कसम' एक थ्रिलर ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी काफी अलग है। विक्रम बताते हैं कि फिल्म 'गुलाम' के बाद वह अब जाकर ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। आगे वह यह भी बताते हैं दो हॉरर फिल्में बनाने वाले हैं, जिसमें '1920' का नया पार्ट शामिल है।





# एक्शन छोड़ मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी लेकर आएंगे सनी देओल बनेंगे फैमिली मैन

अपने एक्शन से दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 'जाट' में भी सनी देओल जबरदस्त एक्शन करते नजर आने वाले हैं। फिल्म के टीजर और अभिनेताओं के लुक को देखकर ये मालूम पड़ता है कि फिल्म जबरदस्त एक्शन से भरपूर होने वाली है। सनी देओल लगातार ही एक्शन फिल्म कर रहे हैं, जाट के अलावा वो 'बॉर्डर 2' में भी एक्शन करते दिखेंगे। हालांकि, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि सनी देओल जल्द ही एक्शन से हटकर एक मध्यम वर्गीय परिवार के व्यक्ति के किरदार में नजर आने वाले हैं।

### मध्यम वर्गीय परिवार के व्यक्ति की कहानी दिखाएंगे सनी

एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल अब एक्शन से अलग एक फिल्म में सामान्य परिवार के सामान्य व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 'सफर' नाम की यह फिल्म एक पारिवारिक फिल्म हो सकती है, जिसमें सनी देओल एक्शन से इतर नजर आएंगे। ये भी जानकारी सामने आ रही है कि मेकर्स फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने का विचार बना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में कोई एक्शन नहीं है। यह मध्यम आयु वर्ग के पारिवारिक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे पता चलता है कि लोगों की मदद करके ही खुशी मिल सकती है और वह जीवन का सही अर्थ सीखता है।

### फिल्म को थिएटर की जगह ओटीटी पर रिलीज करने की सोच रहे मेकर्स

रिपोर्ट में बताया गया है कि जब निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर सनी देओल से संपर्क किया तो उन्हें फिल्म की कहानी काफी पसंद आई और उन्होंने तुरंत ही इसके लिए हां कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने की बजाय, सीधे ओटीटी पर लाने का विचार कर रहे हैं। मेकर्स का मानना है कि एक मध्यम वर्गीय परिवार के इर्द-गिर्द घूमती फिल्म की कहानी को सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी पर लाना ज्यादा उचित रहेगा। मेकर्स फिल्म को इस साल के अंत तक रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

### 2024 में पूरी हो चुकी है शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'सफर' की शूटिंग 2024 में पूरी हो चुकी है। फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन बग्गा और दर्शन जरीवाला जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक उदयपुरकर ने किया है और इसका निर्माण विशाल राणा ने किया है।



# रानी मुखर्जी ने कॉमर्शियल फिल्मों से हटकर निभाए ये किरदार

**रानी मुखर्जी बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक हिट और सुपरहिट फिल्में की हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर में कई यादगार किरदार निभाए हैं, जिनमें से कुछ ने बड़े सामाजिक संदेश दिए और कमर्शियल मसाला फिल्मों से अलग रहे। आज जब अभिनेत्री अपना 47वां जन्मदिन मना रही हैं तो यहां उनके ऐसे किरदारों के बारे में जानते हैं, जो अपनी खास थीम और मैसेज के लिए जाने जाते हैं।**

### राजा की आएगी बारात

'राजा की आएगी बारात' साल 1997 में रिली हुई थी। यह फिल्म एक महिला के न्याय की कहानी है, जिसमें रानी मुखर्जी ने एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया, जो अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है।

### हे राम

साल 2000 में रिलीज हुई 'हे राम' एक भारतीय ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जिसे कमल हासन ने लिखा, निर्देशित और प्रोड्यूस किया था। यह फिल्म सांप्रदायिक दंगों और हिंसा पर आधारित है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी ने भले ही छोटा किरदार निभाया, लेकिन वह काफी प्रभावशाली था।

### ब्लैक

साल 2005 में रिलीज हुई इस फिल्म रानी मुखर्जी ने एक दृष्टिहीन और श्रवण बाधित लड़की का रोल निभाया, जो अपनी कठिनाइयों को मात देती है। यह फिल्म हेलन केलर की वास्तविक कहानी से प्रेरित थी।

### नो वन किल्ड जेसिका

2011 में रिलीज हुई यह फिल्म जेसिका लाल हत्याकांड पर आधारित थी, जिसमें रानी ने एक जिद्दी पत्रकार का किरदार निभाया, जो अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देती हैं।



# अनुराग कश्यप ने की ब्रिटिश शो 'एडोलसेंस' की तारीफ, नेटफ्लिक्स इंडिया को बताया भ्रष्ट और बेईमान

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आई नई वेब सीरीज 'एडोलसेंस' लगातार प्रशंसा बटोर रही है। इसको देखने के बाद बड़े से बड़े निर्माता-निर्देशक भी इसके फैन बन जा रहे हैं। अब 'एडोलसेंस' के प्रशंसकों में एक नाम और जुड़ गया है बॉलीवुड के खुदरंग निर्देशक अनुराग कश्यप का। अनुराग कश्यप ने जैक थॉर्न और स्टीफन ग्राहम द्वारा निर्मित ब्रिटिश मिनीसीरीज एडोलसेंस की प्रशंसा की है। यह सीरीज एक 13 साल के लड़के की कहानी है, जिस पर हत्या का आरोप है। सीरीज की खासियत ये है कि इसके हर सीन को एक ही बार में फिल्माया गया है। सीरीज को लगातार सराहना मिल रही है।

शेखर कपूर और हंसल मेहता जैसे दिग्गज फिल्ममेकर के इस सीरीज की तारीफ करने के बाद अब अनुराग कश्यप ने भी 'एडोलसेंस' की प्रशंसा की है। सीरीज को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में अनुराग लिखते हैं, अभी-अभी एडोलसेंस को एक बार में ही पूरा देखा। मैं हैरान हूं और मुझे ईर्ष्या हो रही है कि कोई ये कैसे बना सकता है। बाल कलाकार ओवेन कूपर और स्टीफन ग्राहम, जो न सिर्फ पिता की भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि शो के सह-निर्माता भी हैं, उन्होंने कितना शानदार अभिनय किया है। इस पूरे शो में काफी मेहनत की गई है। मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि उन्होंने कितनी रिहर्सल और तैयारी की होगी, ताकि वो हर एपिसोड को एक ही शॉट में शूट कर सकें। सिनेमैटोग्राफर मैथ्यू लुईस और फिल्म निर्माता फिलिप बैरेंटिनिनी कितने प्रतिभाशाली हैं। यह किसी भी फिल्म या मेरी अब तक की देखी हर चीज से बेहतर है। इसमें समय लगता है, यह एक भी बारीकियों को न चूकने का साहस है। सह निर्माता जैक थॉर्न और पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। एक बेहतरीन टीम और दृढ़ संकल्प के बिना इसे पूरा करना संभव नहीं है।

### नेटफ्लिक्स पर लगाया दोहरे मानकों का आरोप

'एडोलसेंस' की तारीफ के साथ-साथ अनुराग कश्यप ने भारत में बनाए जाने वाले कंटेंट को लेकर नेटफ्लिक्स के नजरिए की कड़ी आलोचना की। अपनी पोस्ट के कमेंट सेक्शन में अनुराग ने नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को निशाने पर लेते हुए उन पर दोहरे मानकों का आरोप लगाया। अनुराग कश्यप ने लिखा, हाल ही में टेड सारंडोस ने एक पोस्ट डाली, जिसमें उन्होंने कहा कि कभी-कभार कोई न कोई ऐसी फिल्म आती है जो नए अनुभव कराती है, रचनात्मकता की सीमाओं को चुनौती देती है और करियर को बयान करने वाली परफॉर्मेंस देती है। मुझे उम्मीद है कि वह ऐसा ही कह रहे हैं। क्योंकि नेटफ्लिक्स इंडिया पर उनका शो बिल्कुल उल्टा है। यदि उन्हें यह प्रस्ताव दिया जाता तो संभवत: वे इसे अस्वीकार कर देते या इसे 90 मिनट की फिल्म में बदल देते। हालांकि, यह भी असंभव लगता है, क्योंकि इसका अंत काला और सफेद नहीं है।

### भारत में सिर्फ सब्सक्राइबर बढ़ाना ही नेटफ्लिक्स का उद्देश्य

नेटफ्लिक्स इंडिया पर आगे निशाना साधते हुए निर्देशक कश्यप ने कहा, सेक्रेड गेम्स के बाद दो बार उनसे सामना हुआ और सहानुभूति, साहस व मूर्खता की पूरी कमी के साथ-साथ सीरीज के प्रमुख और टीम की ओर से हद से अधिक असुरक्षा की भावना भी रही, जिन्हें बार-बार नौकरी से निकाला जाता रहा। यह मुझे निराश करता है। हम सबसे बेईमान और नैतिक रूप से भ्रष्ट नेटफ्लिक्स इंडिया का एक समूह जिसे लॉस एंजिल्स में बॉस का बहुत मजबूत समर्थन प्राप्त है, उसके साथ इतना शक्तिशाली और ईमानदार कुछ कैसे बना सकते हैं। टेड और बेला का यह पाखंड 140 अरब लोगों के भारतीय बाजार के संबंध में है, जहां केवल सब्सक्राइबर बढ़ाना ही एकमात्र उद्देश्य है और कुछ नहीं। अनुराग कश्यप ने आगे पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, एक समय था जब एरिक बार्मेक नेटफ्लिक्स के साथ कुछ बनाने के लिए फेसबुक पर पहुंचते थे, पर अब वे आपको 'सारे जहां से अच्छा' जैसा शॉट शो भेजते हैं, जो ठीक से लिखा भी नहीं गया होता है और आधा-अधूरा होता है। यह सब मुझे एडोलसेंस जैसे शो के प्रति निराश और ईर्ष्यालु कर देता है। मुझे उम्मीद है कि वे इसे मिल रही प्रशंसा से सीखेंगे।

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267